दिल्ली पुलिस समाचार

अंक-130 सितम्बर-अक्टूबर, 2019 पंजी० सं० आर-43037/85 दिल्ली पुलिस की घरेलू पत्रिका



केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह के कर-कमलों द्वारा नवनिर्मित पुलिस मुख्यालय का उद्घाटन


दिल्ली पुलिस के लिए एक बड़ा एवं ऐतिहासिक दिन

दिल्ली पुलिस
शांति सेवा न्याय

राष्ट्रीय एकता दिवस

31.10.2019

भारत के प्रथम गृह मंत्री को सादर श्रद्धांजलि



"खाकी जनता को समर्पित थी, है और रहेगी"

नए पुलिस मुख्यालय के उद्घाटन के मौके पर माननीय केंद्रीय गृहमंत्री जी का सम्बोधन हमें प्रेरित और प्रोत्साहित करता रहेगा



दिल्ली पुलिस का इतिहास बड़ा समृद्ध है, बलिदानों से भी समृद्ध है, कर्तव्यों से भी समृद्ध है और सुरक्षा के क्षेत्र में भी समृद्ध है देशभर की पुलिस में, पुलिस बलों में, दिल्ली पुलिस को एक अलग दृष्टि से देखा जाता है।

सरकार के सभी विभागों के अन्दर घड़ी देखे बगैर कोई विभाग काम करता है तो वो पुलिस का विभाग काम करता है। वो कभी अपनी घड़ी नहीं देखता।

जब हम सब अपनी गाड़ी में बैठकर भैयादूज मनाने अपनी बहन के घर जाते है, तो कांस्टेबल ट्रैफिक की व्यवस्था करता है, वो हमे नज़र नहीं आता। हमारे दिल में नहीं आता कि इसकी भी कोई बहन होगी।

दिल्ली पुलिस 70 साल के बाद अपना मुख्यालय प्राप्त कर रही है। भवन के निर्माण से लक्ष्यों की सिद्धि नहीं होती। भवन के अन्दर भावनाओं के निरूपण से ही लक्ष्यों की सिद्धि होती है।

नए पुलिस मुख्यालय का उद्घाटन समारोह



केन्द्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह का स्वागत करते हुए पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक



दीप प्रज्ज्वलित करते हुए केन्द्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह साथ में मुख्य अतिथि एवं अन्य विशिष्ठ अतिथिगण



दीप प्रज्ज्वलित करते हुए उपराज्यपाल श्री अनिल बैजल साथ में मुख्य अतिथि एवं अन्य विशिष्ठ अतिथिगण

31 अक्टूबर, 2019 को **केन्द्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह** ने लुटियंस दिल्ली में संसद भवन के समीप जयसिंह रोड पर दिल्ली पुलिस के **नव–निर्मित पुलिस मुख्यालय** का उद्घाटन किया। समारोह के मुख्य अतिथि **केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह** सहित **उपराज्यपाल श्री अनिल बैजल, केंद्रीय गृह राज्यमंत्री श्री जी. किशन रेड्डी, केन्द्रीय गृह सचिव श्री अजय कुमार भल्ला, दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव श्री विजय देव, भारत सरकार के अतिरिक्त सचिव (यूटी) श्री गोविन्द मोहन, पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक एवं विशेष पुलिस आयुक्त श्री राजेश मलिक** ने दीप प्रज्वलित कर नए भवन में प्रवेश किया। मुख्य अतिथि ने रिमोट के माध्यम से भवन पर अंकित भित्ति पट्टिका का अनावरण किया और मंच पर आसीन होकर काफी संख्या में उपस्थित सांसदों, विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों आमंत्रित अतिथियों, गणमान्य नागरिकों और दिल्ली पुलिस परिवार के सदस्यों का अभिवादन स्वीकार किया। इस मौके पर हमारे **भूतपूर्व पुलिस आयुक्त श्री अरूण भगत, श्री एम.बी.कौशल श्री.टी.आर कक्कड़, श्री अजय राज शर्मा, श्री आर.एस.गुप्ता, डॉ0 के.के. पाल, श्री बी.के.गुप्ता, श्री नीरज कुमार, श्री बी.एस.बस्सी व श्री आलोक कुमार वर्मा** भी उपस्थित थे।

इस शुभ अवसर पर सम्माननीय मुख्य अतिथि एवं केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह ने अपने आशीर्वचनों द्वारा उपस्थित पुलिस अधिकारियों, कर्मियों, आमंत्रित अतिथिगणों और गणमान्य नागरिकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि मुझे देश के लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जन्म जयंती के अवसर पर दिल्ली पुलिस के नए मुख्यालय का उद्घाटन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, उसके लिए मैं पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक सहित पूरे पुलिस विभाग को अपनी शुभकामनाएँ देता हूँ और 70 वर्षो के लंबे अंतराल के बाद स्वयं के स्थाई मुख्यालय में प्रवेश करने पर बधाई देता हूँ। मैं दिल्ली पुलिस को सिर्फ यह कहना चाहता हूँ कि भवन के निर्माण से लक्ष्यों की पूति नहीं होती है अपितु भवन के अंदर भावनाओं के निरूपण से ही लक्ष्यों की पूर्ति होती है। भवन तो बनाने वालों ने बना दिया मगर इसके अंदर भावनाओं के निरूपण का दायित्व अब दिल्ली पुलिस के कर्मचारियों और अधिकारियों का है। जब इसको आप भावनाओं से संजीवन बनायेंगे, दिल्ली की रक्षा की भावना के साथ, दिल्ली के हर संस्थान व नागरिक की सुरक्षा की भावना के साथ, तब मुझे लगता है कि दिल्ली पुलिस के भवन का निर्माण कार्य समाप्त होगा।

देश के अंदर, देश के दुश्मन जब आतंकवाद का जाल बुनते हैं, इसका ताना बाना बुनते हैं तब अपने प्राणों की परवाह किये बगैर, उसको तोड़ने का काम पुलिस करती है, वो हमें नहीं दिखाई देता। ढ़ेर सारे कार्यक्रम, जो 125 करोड़ की जनसंख्या वाले देश के अंदर पुलिस द्वारा जनता के लिए किए जा रहे हैं, इतने बड़े– बड़े संस्थानों की सुरक्षा जैसे सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया, राज्यसभा, संसद भवन, राज्य के विधायक मंडल हो, उनकी सुरक्षा करने वाली पुलिस हमें दिखाई नहीं देती। मैं आज आपको बताना चाहता हूँ कि एक राज्य में गृहमंत्री रहा हूँ, सरकार के सभी विभागों के अंदर घड़ी देखे बगैर कोई काम नहीं करता है, यदि कोई करता है तो वह पुलिस का विभाग करता है। वो कभी अपनी घड़ी नहीं देखते, उनको अधिकार नहीं दिया हमने, घड़ी देखने का, जब हम सब अपनी गाड़ी में बैठकर भैयादूज मनाने अपनी बहन के घर जाते है, तो कांस्टेबल ट्रैफिक की व्यवस्था करता है, वो हमे नज़र नहीं आता। हमारे दिल में नहीं आता कि इसकी भी कोई बहन होगी। रक्षाबंधन का त्यौहार हो या दीपावली का त्यौहार हो, वो वहाँ खड़ा होकर व्यवस्था को बनाता है, हमें नहीं पता कि उनके बच्चे भी उसकी प्रतीक्षा करते होंगे कि मेरे पिताजी मेरे साथ आएं और मेरे साथ ये दीपावली का त्यौहार मनायें।

परन्तु हम भूल जाते हैं कि जब हम त्यौहार मनाते हैं या अपने परिवारों के साथ अच्छा समय व्यतीत करते हैं तो उस समय यही पुलिसकर्मी धूप, सर्दी, गर्मी व प्रदूषण में सड़कों पर खड़े होकर विषम परिस्थितियों में भी हमारी व हमारे परिवारों की सुरक्षा के लिए मुस्तैद रहते हैं। उन्होंने कहा कि मौके पर सबसे पहले पुलिस पहुंचती है और सड़कों पर भी दिखती है इसलिए निशाना भी सबसे पहले पुलिस ही बनती है। जनता को अपनी सोच में बदलाव लाना चाहिए क्योंकि पुलिस अपनी छुट्टी को त्याग कर चौबीस घंटे ड्यूटी पर मौजूद रहती है। मित्रों एक काम जो अभी करना है, पुलिस की छवि को सुधारने की जरूरत है, इसकी इमेज को हमें परिवर्तित करना होगा।

इस मौके पर **उपराज्यपाल माननीय श्री अनिल बैजल** ने आधुनिक सुविधाओं और विभिन्न प्रकार की तकनीक से परिपूर्ण नए पुलिस मुख्यालय के लिए दिल्ली पुलिस परिवार को बधाई दी। उन्होंने कहा कि राजधानी के बीचों–बीच प्रमुख स्थान पर निर्मित यह पुलिस मुख्यालय, जहाँ केन्द्र सरकार, दिल्ली सरकार, विभिन्न कंपनियों और उपक्रमों के कार्यालय स्थापित हैं, सुरक्षा की दृष्टि से तथा पुलिस अधिकारियों को उर्जा प्रदान करने और इनके कार्यों के लिए बेहतर वातावरण देने की दृष्टि से बहुत उपयुक्त है। उन्होंने जनहित से जुड़ी योजनाओं को प्रभावशाली ढंग से लागू करने, अपनी कार्यशैली में अधिकतम तकनीक को शामिल करने, उत्कृष्ट कार्यों को अंजाम देने, आतंकवाद से निपटने, सुचारू यातायात संचालन करने और एक दोस्त पुलिस बनने की दिशा में किये गये प्रयासों के लिए दिल्ली पुलिस की प्रशंसा की। उन्होंने कहा दिल्ली पुलिस द्वारा जनहित में किये उत्कृष्ट कार्यो का देश के अन्य राज्यों की पुलिस भी अनुसरण करती है।

समारोह के मेज़बान **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** ने मुख्य अतिथि सहित सभी आमंत्रित अतिथियों के प्रति दिल्ली पुलिस की तरफ से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज दिल्ली पुलिस दोहरी खुशी की अनुभूति महसूस कर रही है क्योंकि आज का दिन हमारे लिए एक ऐतिहासिक व बड़ा दिन है। एक तरफ हम जहाँ अपने नए और स्थायी पुलिस मुख्यालय में प्रवेश कर रहे हैं वहीं दूसरी तरफ सम्पूर्ण देश प्रथम गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मना रहा है। उन्होंने नव–निर्मित पुलिस मुख्यालय की विशेषताओं के बारे जानकारी देते हुए बताया कि पार्लियामेंट के निकट 286 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित और लगभग 8 एकड़ क्षेत्र में 17 मंजिली इस Building में सारे Security features के साथ–साथ 800 गाड़ियों के लिए पार्किंग, ध्यानकक्ष, व्यायामशाला, मीडिया रूम, व जलपान गृह, हरियाली व पर्यावरण का विशेष ध्यान रखा गया है। इसके साथ ही वरिष्ठ अधिकारियों के लिए 12 आवासीय क्वार्टर भी नए मुख्यालय में निर्मित हैं।

देश की स्वतंत्रता के बाद देश के प्रधानमंत्री तथा गृहमंत्री सहित सभी विशिष्ठ गणमान्य व्यक्तियों की सुरक्षा के विशेष प्रबंध का दायित्व दिल्ली पुलिस को ही सौंपा गया था। इसके अतिरिक्त विभाजन के पश्चात भी देश में जो चुनौतीपूर्ण परिस्थितियाँ उत्पन्न हुई थीं, उनका तत्कालीन गृहमंत्री के नेतृत्व में दिल्ली पुलिस ने सफलतापूर्वक सामना किया था। इसी कारणवश दिल्ली पुलिस को तत्कालीन गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल का विशेष सान्निध्य भी प्राप्त हुआ। अपने इसी विशेष रिश्ते को आगे बढ़ाते हुए हमें अत्यंत गर्व महसूस हो रहा है कि सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिवस के अवसर पर ही आज हमारे अपने पुलिस मुख्यालय के नए भवन का उद्घाटन वर्तमान केंद्रीय गृह मंत्री माननीय श्री अमित शाह जी के कर–कमलों द्वारा सम्पन्न हो रहा है।

सरदार वल्लभ भाई पटेल ने दिल्ली पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मियों को सम्बोधित करते हुए बहुत ही प्रेरणादायी विचार व्यक्त किये थे और कहा था कि **''हालांकि यह बहुत कठिन काम है, फिर भी मुझे पूर्ण आशा है कि एक दिन यह मजबूत संगठन अपनी मेहनत और काम के दम पर अपनी अच्छी छवि बनाने में जरूर कामयाब होगा''।**



केन्द्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह नए मुख्यालय भवन का उद्घाटन करते हुए



स्व. सरदार वल्लभ भाई पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए केन्द्रीय गृहमंत्री



नए पुलिस मुख्यालय परिसर का निरीक्षण करते हुए मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथिगण

शहीद साथियों की याद में स्मरणोत्सव परेड आयोजित

21 अक्टूबर, 2019 की प्रातः किग्जवे कैंप स्थित नई पुलिस लाईन मैदान में शहीद पुलिस साथियों की याद में स्मरणोत्सव परेड (शोक परेड) आयोजित की गई। 21 अक्टूबर का दिन सभी केंद्रीय पुलिस संगठनों और राज्यों की पुलिस में शहीदी दिवस के रूप में मनाया जाता है और उन शहीदों को याद किया जाता है जिन्होंने गतवर्ष राष्ट्र की सुरक्षा करते हुए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान दिया है। शोक परेड समाप्ति के बाद कार्यवाहक पुलिस आयुक्त (वि.पु.आ. श्री राजेश मलिक) ने देश के अर्धसैनिक पुलिस संगठनों और पुलिस बलों में शहीद पुलिसकर्मियों की संख्या उद्घोषित की। गतवर्ष 1 सितम्बर, 2018 से 31 अगस्त 2019 के बीच अर्धसैनिक पुलिस संगठनों और पुलिस बलों के कुल 292 अधिकारियों एवं कर्मियों ने अपने कर्तव्यपालन के दौरान अपने प्राणों की आहुति दी है। इनमें दिल्ली पुलिस के भी 10 शहीद पुलिसकर्मी शामिल हैं। इस वर्ष कर्तव्य की वेदी पर अपने प्राण न्यौछावर करने वाले अधिकारियों एवं कर्मियों की संख्या इस प्रकार है: आंध्र प्रदेश 02, अरूणाचल प्रदेश–03 बिहार 07, छतीसगढ़ 14,, हिमाचल प्रदेश 01, हरियाणा 03, जम्मू एंड कश्मीर 24, झारखंड़ 05, कर्नाटक 12, मध्य प्रदेश 02, मणिपुर 02, उड़ीसा 02 , राजस्थान 10 , उत्तर प्रदेश 05, त्रिपुरा 01, उत्तराखंड 01, महाराष्ट्र 20, बंगाल 07, बीएसएफ 41,, सीआईएसएफ 06, सीआरपीएफ 67, आइटीबीपी 23, आरपीएफ 11 , एसएसबी 05 तथा एनडीआरएफ–04 शामिल हैं। इस अवसर पर भूतपूर्व पुलिस आयुक्त श्री टी.आर. कक्कड़ एवं श्री डॉ0 के.के.पाल सहित वर्तमान वरिष्ठ पुलिस अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। जिन्होंने शहीदी स्मारक स्थल पर रखी ''शहीदी पुस्तिका'' पर पुष्पाजंलि अर्पित की और शहीदों की याद में दो मिनट का मौन धारण भी किया। आज से 58 वर्ष पूर्व 21 अक्टूबर, 1959 को भारतीय पुलिस दल की एक छोटी टुकड़ी लद्दाख, हॉट स्प्रिंग क्षेत्र में मातृभूमि की रक्षा के लिए तैनात थी। वहीं एक पहाड़ी पर छिपे चीनी सैनिकों के एक भारी दस्ते ने घात लगाकर हमारी पुलिस टुकड़ी पर आक्रमण कर दिया। मातृभूमि की रक्षा में शत्रुओं का सामना करते हुए भारतीय पुलिस दल के 10 जवान उस मुठभेड में वीरगति को प्राप्त हुए। तभी से हर वर्ष उन शहीदों की याद में शोक परेड के बाद शहीद स्मारक स्थल पर शहीदों को पुष्पांजलि दी जाती है।



स्मारक स्थल पर शहीदों को पुष्पांजलि भेंट करते हुए वरिष्ठ अधिकारीगण



शहीदी पुस्तिका को स्मारक स्थल की तरफ ले जाती पुलिस टुकड़ी

फोटो : रंजन जोसफ

दिल्ली पुलिस के 10 शहीद साथियों में शामिल हैं



एएसआई सुरेन्द्र कुमार
(यातायात शाखा),



एएसआई जितेन्द्र सिंह
(यातायात शाखा),



एएसआई ओमबीर सिंह
(यातायात शाखा),



हेडकां0 उदय सिंह
(आईजीआई एयरपोर्ट)



हेडकां0 महाबीर सिंह
(रोहिणी जिला)



हेडकां0 गुलजारी लाल
(द्वारका जिला)



कां0 प्रदीप यादव
(द्वारका जिला)



हेडकां0 राजपाल सिंह कसाना
(स्पेशल सेल)



कां0 कुलदीप सिंह
(तृतीय वाहिनी)



कां0 सन्नी
(पश्चिमी जिला)



शहीदों को सम्मान प्रकट करते हुए वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मी

दक्षिणी जिला में आयोजित ''एक शाम शहादत को सलाम'' कार्यक्रम में शहीदों के परिजन किए गए सम्मानित



शहीद पुलिसकर्मियों के परिजनों को सम्मानित करते हुए पुलिस आयुक्त

21 अक्टूबर, 2019 को दक्षिणी जिला पुलिस ने सिरीफोर्ट ऑडिटोरियम में **''एक शाम शहादत को सलाम''** कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** ने गतवर्ष शहीद हुए 10 शहीद पुलिसकर्मियों के परिजनों को सम्मानित करते हुए शहीदों को याद किया। पुलिस आयुक्त ने सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारे पुलिसकर्मी हर रोज नागरिकों की सुरक्षा करने व यातायात संचालित करने के लिए अपने निजी हितों का बलिदान तो करते ही हैं, पर कुछ विशेष मौकों पर सुरक्षा के चाक–चौबंद प्रबंधों के लिए और अधिक जोर लगाते हैं। अपने इन्हीं दायित्वों को निभाते हुए हमारे कई साथी अपने प्राणों की आहुति तक दे देते हैं जोकि सर्वोच्च बलिदान है। दिल्ली पुलिस परिवार इन जांबाजों की शहादत को हमेशा याद रखेगा तथा इनसे प्रेरणा लेता रहेगा। कार्यक्रम में उपस्थित **विशेष पुलिस आयुक्त श्री राजेश मलिक, श्री एस.नित्यानंदम्, श्री ताज हसन, श्री एस.के.गौतम, श्री संजय सिंह, श्रीमती नुजहत हसन, श्री प्रवीर रंजन, संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री देवेश श्रीवास्तव, उपायुक्त पुलिस श्री अतुल ठाकुर** सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मियों ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। जबकि जादूगर तुषार कुमार ने मैजिक शो, थिएटर ग्रुप मास्क प्रोडक्शन ने **'लेस्ट वी फॉरगेट'** नाटिका तथा गायक **शंकर साहनी** ने देशभक्ति के गीतों के माध्यम से शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर शहीदों एवं उनके परिजनो पर आधारित एक लघु फिल्म भी दिखाई गई।

स्पेशल सेल के पांच जांबाज पुलिस अधिकारी गृहमंत्रालय के ''स्पेशल ऑपरेशन मेडल'' के लिए चयनित

देश में आंतकवाद एवं नक्सलवाद के खिलाफ कार्यवाही में अदम्य साहस एवं अच्छी सूझबूझ का परिचय देने वाले पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों को गृह मंत्रालय द्वारा **''स्पेशल ऑपरेशन मेडल''** से सम्मानित किया जाता है। इस वर्ष दिल्ली पुलिस परिवार के लिए गर्व की बात है कि दिल्ली पुलिस के भी पांच जांबाजों अफसरों को कश्मीर के आंतक प्रभावित क्षेत्र में जाकर साहसिक कार्यवाही को अंजाम देने पर गृहमंत्रालय के ''स्पेशल ऑपरेशन मेडल'' के लिए चयनित किया गया है। इन पुलिस अफसरों की टीम ने इसी वर्ष जनवरी माह में जैश के कमांडर अब्दुल लतीफ गनाई की गिरफ्तारी, उसकी निशानदेही पर कश्मीर के गंदरबल से हिलाल को गिरफ्तार करने व कई आतंकवादी व आपराधिक वारदातों को सुलझाने, आतंकवादियों, खूंखार अपराधियों को गिरफ्तार करने तथा अवैध हथियारों एवं मादक द्रव्य पदार्थो की बरामदगी में उल्लेखनीय भूमिका अदा की है। ''स्पेशल ऑपरेशन मेडल पुरस्कार से सम्मानित होने वाले स्पेशल सेल की टीम में शामिल हैं: उपायुक्त पुलिस श्री पी.एस.कुशवाह, एसीपी श्री अतर सिंह यादव, इंस्पेक्टर शिव कुमार,एएसआई राजेश शर्मा व हेडकां0 आदेश कुमार।



उपायुक्त पुलिस श्री पी.एस. कुशवाह



एसीपी श्री अतर सिंह



इंस्पेक्टर श्री शिव कुमार



एएसआई श्री राजेश शर्मा



हेड कांस्टेबल श्री आदेश कुमार

1995 बैच के दानिप्स अधिकारी और अब आई.पी.एस. **उपायुक्त पुलिस श्री पी.एस.कुशवाह** ने कई मौकों पर खुंखार आंतकवादियों एवं बदमाशों के साथ हुए एनकाउंटर में और बहुत सी संवेदनशील वारदातों को सुलझाने में अहम भूमिका निभाई है। अंडरवर्ल्ड डॉन अश्विन नाईक की गिरफ्तारी, इंडिया गेट पर लश्कर ए तैयबा की साजिश को नाकाम करने, अति संवेदनशील निर्भया गैंगरेप केस सुलझाने, अवैध हथियार व मादक द्रव्य पदार्थ के तस्करों को गिरफ्तार करने व मादक पदार्थो की बरामदगी करने में अहम भूमिका निभाई है। **एसीपी श्री अतर सिंह यादव**, वर्ष 1988 में दिल्ली पुलिस में भर्ती हुए और उनकी प्रतिभा व दिलेरी को देखते हुए अधिकांश तैनाती स्पेशल सेल में रही। बारी से पहले तरक्की पाने वाले श्री अतर सिंह अब तक कई मेडलों और 150 से भी ज्यादा बार वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से पुरस्कृत हो चुके हैं और अभी हाल में आतंक प्रभावित क्षेत्र कश्मीर में एक ऑपरेशन के दौरान अहम भूमिका निभाई। **इंस्पेक्टर शिव कुमार**: वर्ष 1999 में दिल्ली पुलिस में एसआई पद पर भर्ती हुए शिव कुमार वर्ष 2013 में बारी से पहले तरक्की पाकर इंस्पेक्टर बने। 44 से भी ज्यादा एनकांउटरों में साहस का बेहतरीन उदाहरण देने और सात राज्यों के मेवाती गैंग के वांछित अपराधी सल्ली जफरू को पकड़ने, हेडकां0 शिवराज तोमर के हत्यारों को मुठभेड के बाद गिरफ्तार करने, कई आंतकवादी संगठनों से जुड़े आंतकवादियों को पकड़ने और कश्मीर में जाकर जैश के एक आंतकी को हैंड ग्रेनेड सहित दबोचने जैसे अनेक साहसिक कारनामें उनके नाम दर्ज है। **एएसआई राजेश शर्मा**: गुप्तचर सुचनाएँ एकत्रित करने और गिरोह सरगनाओं के खिलाफ कार्यवाही के दौरान शानदार भूमिका अदा करने वाले एएसआई राजेश शर्मा 2003 में पुलिस में भर्ती हुए । फिरोज फौजी नामक बदमाश को एक मुठभेड़ में मार गिराने में अदम्य साहस का परिचय देने वाले आदेश शर्मा को 2016 में बारी से पहले पदोन्नति देकर सम्मानित किया गया। इसी साल जैश के आतंकियो के खिलाफ स्पेशल सेल द्वारा की गई कार्रवाही में भी उनकी शानदार भूमिका रही थी। **हेड कांस्टेबल आदेश कुमार**: शातिर बदमाशों व आतंकवादी गतिविधियों पर पैनी नजर रखने वाले आदेश कुमार को टीम की आगामी रणनीति बनाने में माहिर माना जाता है और कई मुठभेडों और धरपकड़ की वारदातों में अग्रणीय भूमिका निभाई है। बारी से पहले तरक्की पाने वाले आदेश कुमार ने कई मौकों पर अदम्य साहस व अच्छी सूझबूझ का परिचय दिया है। इसी वर्ष कश्मीर में स्पेशल सेल की टीम द्वारा किए गये ऑपरेशन में भी अहम भूमिका निभाई।

'तत्पर' – अब महज एक टच पर उपलब्ध होंगी दिल्ली पुलिस संबंधित सभी ऑनलाइन सेवाएँ

अधिकांश ऑनलाइन मोबाइल ऐप्लिकेशन्स को एक ही प्लेटफार्म ''तत्पर'' पर समाहित किया गया



उप-राज्यपाल महोदय को पौधा भेंट करते हुए पुलिस आयुक्त


दिल्ली पुलिस के मुख्य तकनीकी सलाहकार डॉ. ए.के. माहपात्रा को सम्मानित करते हुए उप-राज्यपाल



'तत्पर' ऐप का उद्घाटन करते हुए उप-राज्यपाल साथ में पुलिस आयुक्त

18 सितम्बर, 2019 को **माननीय उपराज्यपाल श्री अनिल बैजल** ने इंडिया गेट लॉन से दिल्ली पुलिस की नई मोबाइल एप्लिकेशन **'तत्पर'** को लॉन्च किया। **'तत्पर'** में दिल्ली पुलिस की लगभग 50 अन्य ऑनलाइन सेवाओं को समाहित किया गया है। इस मौके पर **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक, इलेक्ट्रोनिक इंर्फोमेशन एंड टेक्नॉलोजी मंत्रालय के सचिव श्री अजय प्रकाश सहाने, दिल्ली पुलिस के मुख्य तकनीकी सलाहकार डॉ. ए.के. महापात्रा, विशेष पुलिस आयुक्त श्री राजेश मलिक, श्री मुक्तेशचन्द्र, श्री आर.एस. कृष्णिया, श्री एस.के.गौतम, श्री संजय सिंह, श्री ताज हसन, श्रीमती एस.सुन्दरी नंदा, श्रीमती नुजहत हसन, श्री एस. नित्यानंदनम, अतिरिक्त आयुक्त पुलिस श्री प्रेमनाथ, उपायुक्त पुलिस श्री महेश बत्रा** सहित काफी संख्या में अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

दिल्ली पुलिस की पूर्व में चल रही हिम्मत प्लस, पीपीसी, खोया–पाया, वाहन चोरी, सशक्ति नामांकन, वरिष्ठ नागरिक,, चोरी की ई एफआईआर, गुमशुदा, मोबाइल गुम या चोरी, ट्रेफिक अलर्ट, ट्रेफिक चालान ई'पेमेंट गेटवे, यातायात प्रहरी, साइबर अपराध, सुरक्षा सलाह, महिला सुरक्षा हेल्पलाइन नं0, किरायेदार सत्यापन, शस्त्र लाइसेंस जैसी लगभग 50 ऑनलाइन सेवाओं को समेटकर एक ही ऑनलाइन प्लेटफॉर्म 'तत्पर'' पर समाहित किया गया है। इस नई तत्पर मोबाइल एप्लिकेशन पर अन्य मोबाइल एप्लिकेशन्स को समेटने के अलावा अन्य कई खूबियाँ है जैसे जियो ट्रेकिंग की सुविधा मौजूद है, जिससे खुद को भी ट्रैक किया जा सकेगा, कोई अपराध घटित होने पर इस ऐप के माध्यम से घटनास्थल व संबंधित थाने की जानकारी मिल सकेगी। जीओ ट्रैकिंग सिस्टम से ट्रेफिक पुलिस द्वारा गाडी टो करके ले जाने के बाद की स्थिति इस ऐप पर देखी जा सकेगी कि टो की गई गाड़ी किस ट्रेफिक सर्कल में खड़ी होगी और वह सर्कल कहां पर स्थित है। ऑनलाइन मोबाइल एप्लीकेशन **'तत्पर'** को एंड्रायड फोन पर प्ले स्टोर ऐप से डाउनलोड किया जा सकेगा।

इस मौके पर उपराज्यपाल महोदय ने दिल्ली के नागरिकों को दिल्ली पुलिस संबंधित ऑनलाइन सेवाएँ एक ही प्लेटफार्म वन टच एप **'तत्पर'** पर उपलब्ध कराने के लिए दिल्ली पुलिस की सराहना की। उन्होंने कहा कि आज के इस तकनीकी युग में आम जनता को ऐसी सुविधाएँ उपलब्ध कराना जरूरी है और जनहित के साथ–साथ पुलिस हित में भी है। पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने अपने सम्बोधन में कहा कि दिल्ली पुलिस द्वारा कई विशेषताओं से परिपूर्ण **'तत्पर'** मोबाइल एप्लीकेशन दिल्ली के नागरिकों को प्रदान की जा रही सुविधाओं में मील का पत्थर साबित होगी जिससे पुलिस व जनता के बीच परस्पर संबंध और विश्वसनीय एवं प्रगाढ़ होंगे।


सुश्री पलक गोयल को इंडोर में बेस्ट ट्रेनी की ट्रॉफी प्रदान करते हुए विशेष पुलिस आयुक्त श्री सुनील गर्ग

2 दानिप्स व 19 एसआई पासआउट होकर दिल्ली पुलिस परिवार में शामिल हुए

27 सितम्बर, 2019 को झड़ौदा कलां स्थित पुलिस प्रशिक्षण कॉलेज में आयोजित पासिंग आउट परेड में 2 दानिप्स व 19 एसआई शपथ ग्रहण कर दिल्ली पुलिस परिवार में शामिल हुए। इस मौके पर मुख्य अतिथि **विशेष पुलिस आयुक्त श्री सुनील गर्ग** ने परेड की सलामी ली जबकि कॉलेज के **प्रिंसिपल श्री मिची पाकू**, वजीराबाद प्रशिक्षण स्कूल के **प्रिंसिपल श्री एस. मोसोबी**, द्वारका प्रशिक्षण स्कूल की **प्रिंसिपल श्रीमती सुमन नलवा** एवं अन्य पुलिसकर्मियों ने प्रशिक्षणार्थियों की हौसला–अफज़ाई की। श्री सुनील गर्ग ने अपने सम्बोधन में कहा कि जनता के साथ अपने मानवीय दृष्टिकोण को ध्यान में रखे और निःस्वार्थ भाव से नागरिकों की सेवा करते हुए दिल्ली पुलिस की उज्ज्वल छवि बनाने में अपना अमूल्य योगदान दें। दानिप्स अधिकारी सुश्री पलक गोयल को इंडोर में बेस्ट ट्राफी, श्री राजेश कुमार मीणा को आउटडोर में बेस्ट ट्राफी तथा एसआई हितेश भारद्वाज को ऑल राउंड बेस्ट की ट्राफी देकर सम्मानित किया गया।

उपराज्यपाल श्री अनिल बैजल द्वारा लोधी कॉलोनी थाने में ''युवा स्किल सेंटर'' का उद्घाटन


युवा स्किल सेंटर का उद्घाटन करते हुए उप-राज्यपाल महोदय

4 सितम्बर, 2019 को **उपराज्यपाल माननीय श्री अनिल बैजल** ने लोधी कॉलोनी थाने में 22वें युवा स्किल सेंटर का उद्घाटन किया। इस मौके पर **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक, विशेष पुलिस आयुक्त श्री राजेश मलिक, श्री आर.एस. कृष्णिया, श्री संजय सिंह, संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री देवेश श्रीवास्तव, उपायुक्त पुलिस श्री अतुल ठाकुर, अति0उपा0पुलिस श्री परविन्दर सिंह** के अलावा युवा स्किल योजना से जुड़े stake holders तथा युवा के तहत शामिल हुए उम्मीदवार शामिल थे। इस मौके पर उपराज्यपाल महोदय ने दिल्ली पुलिस के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि आजकल तो पढ़े–लिखे युवा भी अपराध की तरफ उन्मुख हो रहे हैं जिन पर ऐसी योजनाओं की मदद से अंकुश लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि हालांकि दिल्ली पुलिस पहले ही बहुत सी परेशानियों और चुनौतियों से जूझ रही है फिर भी क्राइम प्रिवेंशन का उनका यह प्रयास वास्तव में सराहनीय है। **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** ने कहा कि युवा स्किल योजना की कामयाबी के पीछे माननीय उपराज्यपाल महोदय के मार्गदर्शन और प्रोत्साहन का बहुत बड़ा योगदान है और उसी का परिणाम है कि दिल्ली के 22 थाना परिसरों में कौशल विकास केंद्र बखूबी काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे सेंटरों की मदद से उन युवाओं को भी रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी जिन्होंने स्कूली पढ़ाई बीच में छोड़ दी,या बेरोजगारी की वजह से अपराध की तरफ बढ़ सकते है। दिल्ली पुलिस ने युवा स्किल योजना के अन्तर्गत 130 युवाओं को इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन कोर्स में दाखिला करवाया है और यह कोर्स पूरा करने के बाद उन्हें अच्छे अस्पतालों में रोजगार मिलने की संभावना रहेगी।


मंच पर आसीन मुख्य अतिथि एवं अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी


स्किल प्रशिक्षण सेंटर में प्रशिक्षित बालिका को प्रमाण पत्र देते हुए उप-राज्यपाल महोदय


उप-राज्यपाल महोदय को युवा का स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए पुलिस आयुक्त


स्किल प्रशिक्षण सेंटर में प्रशिक्षित बालिका को प्रमाण पत्र देते हुए पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक



लोधी कॉलोनी थाने में कार्यक्रम के दौरान खुशी का इज़हार करते हुए पुलिस अधिकारीगण


मुख्य अतिथि, वरिष्ठ अधिकारियों एवं प्रशिक्षणार्थियों का एक सामूहिक चित्र

स्वस्थ भारत–स्वच्छ भारत अभियान को उपराज्यपाल एवं पुलिस आयुक्त ने दिखाई हरी झंड़ी





कार्यक्रम में दिल्ली विष्वविद्यालय के छात्रों, स्वयंसेवकों, इलाके की विभिन्न आर.डब्लू.ए एवं मार्केट एसोसिएशनों को सम्बोधित करते हुए माननीय उप-राज्यपाल एवं पुलिस आयुक्त

2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की 150वीं जयंती एवं पूर्व प्रधानमंत्री माननीय श्री लाल बहादुर शास्त्री जी के जन्मदिवस के मौके पर उत्तरी जिला पुलिस ने राजघाट के निकट गोल्डन जुबली पार्क में **'' स्वस्थ भारत–स्वच्छ भारत अभियान''** चलाया। इस मौके पर आयोजित **''फ्लॉग रन''** Plog Run का **माननीय उपराज्यपाल श्री अनिल बैज़ल** एवं **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** ने हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। इस मौके पर गैर सरकारी संस्था United Way Worldwide के **अध्यक्ष श्री जोज़ फरेरो, विशेष पुलिस आयुक्त श्री संजय सिंह, श्री एस.नित्यानंदम, श्री ताज हसन, श्रीमती एस.सुन्दरी नंदा, श्री मुक्तेशचन्द्र, श्री आर.एस.कृष्णिया, श्री एस.के. गौतम, श्री सतीश गोलचा, श्री प्रवीर रंजन, संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री राजेश खुराना उपायुक्त पुलिस श्रीमती मोनिका भारद्वाज** United Way, Delhi के चेयरमैन **श्री कपिल कुमरिया** सहित मध्य व उत्तरी जिला के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। कार्यक्रम में दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्रों, स्वयंसेवकों, इलाके की विभिन्न आर.डब्लू.ए एवं मार्केट एसोसिएशनों से जुड़े लगभग 400 लोगों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर उपराज्यपाल सहित सभी उपस्थित अधिकारियों एवं नागरिकों ने शहर को स्वच्छ रखने एवं सिंगल यूज़ प्लास्टिक का उपयोग ना करने की शपथ ली। 2 अक्टूबर के दिन दिल्ली पुलिस की सभी जिला/ईकाईयों एवं पुलिस कॉलोनियों में स्वच्छता अभियान चलाये गये और सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग ना करने की शपथ भी ली।





हरी झंडी दिखाकर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए उप-राज्यपाल एवं वरिष्ठ पुलिस अधिकारीगण

साहसिक व प्रसंशनीय कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों एवं पुलिस कार्यशैली में मदद करने वाले नागरिकों को दिये जाने वाली पुरस्कार राशि हुई दोगुना

पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी एक परिपत्र के अनुसार किसी संगीन आपराधिक वारदात को सुलझाने व साहसिक कार्य को अंजाम देने वाले पुलिसकर्मियों के साथ–साथ पुलिस कार्यशैली में पुलिस की असाधारण मदद करने वाले नागरिकों को दिये जाने वाली पुरस्कार की राशि को बढ़ाकर अब दोगुना कर दिया गया है। परिपत्र के अनुसार पुलिस आयुक्त विवेकानुसार, विशेष पुलिस आयुक्त 20 हजार रुपये, संयुक्त पुलिस आयुक्त 10 हजार रुपये, अति0आयुक्त पुलिस 4 हजार रुपये तथा उपायुक्त पुलिस एवं अतिरिक्त उपायुक्त पुलिस 2–2 हजार रुपये पुरस्कार की राशि स्वीकृत कर सकेंगे। पुलिसकर्मियों एवं आम नागरिकों का उत्साहवर्धन करने के मूल उद्देश्य को ध्यान में रखकर यह पुरस्कार राशि बढ़ाई गई है। यह प्रोत्साहन महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों को रोकने, सार्वजनिक स्थानों पर होने वाले अपराधों में कमी लाने और अन्य अपराधों पर भी अंकुश लगाने में सहायक होगा।

''फिट हो इंडिया–स्वच्छ हो इंडिया'' अभियान को पुलिस आयुक्त ने दिखाई हरी झंडी

2 अक्टूबर को राष्ट्रपति महात्मा गाँधी के 150वीं जयंती के मौके पर दक्षिण–पूर्वी जिला द्वारा आयोजित कार्यक्रम **''फिट हो इंडिया– स्वच्छ हो इंडिया''** का **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** एवं **जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुश्री नज़मा अख्तर** ने हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। इस मौके पर **विशेष पुलिस आयुक्त श्री एस. नित्यानंदम्, श्री ताज हसन, श्री मुक्तेशचन्द्र, श्री आर.एस. कृष्णिया, श्री एस.के.गौतम, श्री सतीश गोलचा, संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री देवेश श्रीवास्तव, उपायुक्त पुलिस श्री चिन्मय विश्वाल** सहित काफी संख्या में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। जामिया मिलिया विश्वविद्यालय के विशेष सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में जामिया मिलिया की कुलपति प्रो0 सुश्री नज़मा अख्तर के अतिरिक्त रजिस्ट्रार श्री ए.पी. सिद्दकी भी विशेष तौर पर शामिल हुए। इस अवसर पर थाना जामिया नगर में स्थित **''पुलिस–पब्लिक लाइब्रेरी''** के छात्रों ने मुख्य अतिथि **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** सहित अन्य गणमान्य अतिथियों का स्वागत करते हुए पौधे भेंट किये। इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले भागीदारों ने ''फिट हो इंडिया– स्वच्छ हो इंडिया'' अभियान में भाग लेने के साथ–साथ प्लास्टिक के उपयोग को लेकर एक **शपथ भी ली कि '' प्लास्टिक का उपयोग कम करेंगे और सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को पूर्णतया खत्म करेंगें''।**

इस मौके पर **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** ने अभियान की प्रशंसा करते हुए कहा कि हमारी युवा पीढ़ी देश व जनहित से जुड़े ऐसे कार्यक्रमों को आगे बढ़ाए और ऐसे अभियान केवल एक दिन के ना हों बल्कि निरंतर चलते रहें। दक्षिण–पूर्वी जिला ने राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी और भूतपर्वू प्रधानमंत्री माननीय श्री लाल बहादुर शास्त्री जी की पुण्य तिथि पर Plogging Run, Fitness तथा Cleanliness कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें दिल्ली पुलिस के प्रशिक्षुओं, जामिया मिलिया विश्वविद्यालय के छात्रों, स्थानीय युवाओं और युवा कार्यक्रम से जुड़े लगभग 500 युवाओं ने भाग लिया। रेडियो मिर्ची के मशहूर **RJ. नावेद** ने कार्यक्रम के दौरान मंच संचालित किया जबकि महाराजा अग्रसेन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी की Aayam-The Dramatics Society एवं Police Public Library के छात्र–छात्राओं ने स्वस्थ रहे इंडिया–स्वच्छ रहे इंडिया'' नामक नुक्कड़–नाटक का मंचन कर सभी श्रोताओं का मन मोह लिया।



RJ. नावेद मंच से अपने विचार रखते हुए



जामिया मिलिया विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुश्री नज़मा अख्तर सम्बोधित करते हुए


फिट हो इंडिया - स्वच्छ हो इंडिया को हरी झंडी दिखाते हुए पुलिस आयुक्त

सेवा निवृत्त सं.पु. आयुक्त श्री प्रभाकर के सम्मानमें रात्रि भोज का आयोजन



31 अगस्त, 2019 को **सं.पु. आयुक्त (लाईसेंसिंग)** के पद से सेवा निवृत्त हुए **श्री प्रभाकर** के सम्मान में दरियागंज स्थित राजपत्रित अधिकारी मैस में रात्रि भोज का आयोजन किया गया। जिसमें **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** एवं समिति की अध्यक्षा **श्रीमती सूचना पटनायक** सहित काफी संख्या में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी शामिल हुए। इस मौके पर श्री अमूल्य पटनायक ने श्री प्रभाकर को स्मृति चिन्ह तथा श्रीमती सूचना पटनायक ने **श्रीमती प्रभाकर** को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनके दीर्घायु और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की।



केन्द्रीय गृहराज्य मंत्री श्री जी.किशन रेड्डी ने किया इमरजेंसी रिस्पांस सपोर्ट सिस्टम का उद्घाटन

पुलिस, फायर एवं एंबुलेंस सेवाएँ अब एक ही नं0 112 पर उपलब्ध होंगी

निकट भविष्य में अन्य आपातकालीन नागरिक सेवाएँ भी इसी नं0 112 पर उपलब्ध होंगी



केन्द्रीय गृहराज्य मंत्री श्री जी.किशन रेड्डी इमरजेंसी रिस्पांस सपोर्ट सिस्टम का उद्घाटन करते हुए



केन्द्रीय गृहराज्य मंत्री श्री जी.किशन रेड्डी भित्ति पट्टिका का अनावरण करते हुए साथ में पुलिस आयुक्त एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण



इमरजेंसी रिस्पांस सपोर्ट सिस्टम के बारे में विस्तार से बताते हुए उपायुक्त पुलिस श्री एस.के. सिंह

25 सितम्बर को माननीय **केंद्रीय गृह राज्यमंत्री श्री जी.किशन रेड्डी** ने एफसी–50, शालीमार बाग स्थित इंटीग्रेटेड ऑपरेशन एंड कम्युनिकेशन सेंटर से Emergency Response Support System-112 का उद्घाटन किया और PRAKHAR (Street Crime Patrol Van) वैन को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इस मौके पर **गृहमंत्रालय के अतिरिक्त सचिव (यूटी) श्री गोविन्द मोहन, संयुक्त सचिव श्रीमती पुण्य सलिला श्रीवास्तव, डीजी,सी–डीएसी डॉ0 हेमंत दरबारी, पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक, विशेष पुलिस आयुक्त श्री राजेश मलिक, विशेष पुलिस आयुक्त श्री मुक्तेशचन्दर, संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री के.जगदीशन मंच** पर आसीन थे जबकि दिल्ली पुलिस के अधिकांश वरिष्ठ पुलिस अधिकारी विशेषकर **विशेष पुलिस आयुक्त श्री ताज हसन, श्रीमती सुन्दरी नंदा, श्री आर.एस. कृष्णिया, श्री एस.के.गौतम, श्री संजय सिंह, श्री प्रवीर रंजन, श्री रोबिन हिबू** अन्य विशिष्ठ अतिथियों के साथ दर्शकदीर्घा में उपस्थित थे।

दिल्ली के नागरिकों को पुलिस, फायर और एंबुलेंस जैसी आपातकालीन सेवाएँ अब केवल एक ही नं0 112 पर उपलब्ध होंगी। निकट भविष्य में पुलिस, फायर व ऐंबूलेंस सेवाओं के अलावा दिल्ली पुलिस से संबंधित अन्य हेल्पलाइन नं0 जैसे ऑख व कान योजना के लिए –1090, महिलाओं के लिए 1091, पूर्वोत्तर राज्यों के नागरिकों के लिए 1093, गुमशुदा के लिए 1094, यातायात संबंधी शिकायत के लिए 1095, वरिष्ठ नागरिकों के लिए 1291, विजिलेंस के लिए 1064 तथा रेलवे के लिए 1512 जैसी आपात सेवाएँ 112 नं0 पर उपलब्ध होंगी। इससे न केवल रिस्पॉन्स टाइम में कमी जाएगी बल्कि जनता के प्रति पुलिस की सेवाओं में सुधार आएगा। इस मौके पर मुख्य अतिथि केंद्रीय गृहराज्य मंत्री श्री जी.किशन रेड्डी ने दिल्ली पुलिस द्वारा पिछले कुछ महीनों में दिल्ली के नागरिकों के हितों में उठाये गये कल्याणकारी कदमों की प्रशंसा करते हुए कहा कि दिल्ली पुलिस द्वारा लॉन्च किया गया 112 नं0 भी भविष्य के लिएं एक बड़ा कदम है। यह दिल्ली पुलिस की प्रभावशाली योजनाओं का ही परिणाम है कि स्ट्रीट क्राइम में काफी गिरावट आई है। उन्होंने कहा कि गृहमंत्रालय अपराध व आतंक पर लगाम लगाने के लिए जीरो टॉलरेंस नीति पर काम कर रही है और इसी के अन्तर्गत दिल्ली पुलिस के आधुनिकीकरण को भी प्राथमिकता दे रही है। इस मौके पर पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने गृहमंत्रालय द्वारा समय समय पर विभिन्न योजनाओं को क्रियान्वित करने के लिए दिये जाने वाले मार्गदर्शन और सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

केंद्रीय गृहराज्य मंत्री श्री जी.किशन रेड्डी ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया आधुनिक तकनीक से युक्त 15 ''प्रखर वैन'' को





केंद्रीय गृहराज्य मंत्री श्री जी.किशन रेड्डी प्रखर वेन को हरी झंडी दिखाते हुए

25 सितम्बर, 2019 को **माननीय केंद्रीय गृहराज्य मंत्री श्री जी.किशन रेड्डी** ने शालीमार बाग स्थित इंटीग्रेटेड ऑपरेशन एंड कम्युनिकेशन सेंटर से 15 आधुनिक तकनीक से युक्त प्रखर वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। स्ट्रीट क्राइम पेट्रोल वैन **'प्रखर'** सुनसान व अंधेरे इलाकों में गश्त करने के अलावा अपराधियों की लोकेशन का पता कर उनकी धर–पकड़ करने मे काफी कारगर साबित होगी। पीसीआर वैन से अलग हटकर अत्याधुनिक हथियारों से सुसज्जित इन स्कोर्पियो **''प्रखर वैन''** को दिल्ली शहर के अपराध संभावित क्षेत्रों में तैनात किया गया है जिनमें विशेष तौर पर प्रशिक्षित पुरूष कमांडो के साथ–साथ दिन के समय एक महिला कमांडो और रात्रि के समय दो महिला कमांडो पुलिसकर्मी तैनात होंगी। फिलहाल प्रत्येक जिला में तैनात की गई प्रखर वैन में तैनात स्टाफ के पास अग्निशमन यंत्र, हैंड ग्रेनेड, स्टेनगन के अलावा भी कई प्रकार के अत्याधुनिक उपकरण भी मौजूद होंगे जिससे निःसंदेह स्ट्रीट क्राइम के अलावा अन्य आपराधिक वारदातों में कमी आएगी। निकट भविष्य में प्रखर वैन की संख्या को बढ़ाया जाएगा।

पुलिस आयुक्त ने 15 नई और प्रखर वैन्स को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया स्ट्रीट क्राइम से निपटने के लिए प्रत्येक जिले में दो–दो प्रखर वैन्स तैनात





प्रखर वैन पर मुस्तैद महिला कमांडो

पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक प्रखर वैन को हरी झंडी दिखाते हुए

29 अक्टूबर, 2019 को **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** ने पुलिस मुख्यालय प्रांगण से और नई 15 प्रखर वैन्स को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर **विशेष पुलिस आयुक्त श्री मुक्तेशचन्दर, श्री आर.एस.कृष्णिया, श्री संजय सिंह, श्रीमती नुजहत हसन, संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री के. जगदीशन, उपायुक्त पुलिस श्री शरत कुमार सिन्हा** सहित काफी संख्या में वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। प्रखर वैन के लिए विशेषतौर पर प्रशिक्षित महिला पुलिसकर्मी भी इस अवसर पर मौजूद थी जिन्हें पुलिस आयुक्त ने सम्बोधित किया। स्मरण दिलाया जाता है कि 25 सितम्बर, 2019 को **माननीय केंद्रीय गृहराज्य मंत्री श्री जी.किशन रेड्डी** ने शालीमार बाग स्थित इंटीग्रेटेड ऑपरेशन एंड कम्युनिकेशन सेंटर से भी 15 आधुनिक तकनीक से युक्त प्रखर वैन्स को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। विशेषतौर पर डिजाइन की गई स्कॉर्पियो गाड़ियों में संचार व्यवस्था से जुड़े तमाम आधुनिक गेजट्स और जरूरी साधन है ताकि जरूरत पड़ने पर सूचनाओं का तत्काल आदान–प्रदान हो सके। स्ट्रीट क्राइम से जुड़ी कोई सूचना अब कंमाड रूम से सीधे घटनास्थल के सबसे निकट मौजूद प्रखर वैन के प्रभारी को ट्रांस्फर कर दी जाएगी जिससे प्रखर यथासंभव कम समय में घटनास्थल पर पहुंचेगी। प्रखर वैन्स पर तैनात स्टाफ को मोबाइल फोन भी उपलब्ध कराये गये ताकि क्राइम की सूचना मिलने पर तत्काल पीड़ित कॉलर से सम्पर्क कर सकें। अब प्रत्येक जिले में दो–दो प्रखर वैन्स स्ट्रीट क्राइम और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए तैनात हो गई है।



प्रखर वैन पर तैनाती के लिए विशेषतौर पर प्रशिक्षित महिला पुलिसकर्मियों को दिशा–निर्देश देते हुए पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक

दिल्ली पुलिस (रेलवे) द्वारा रेलयात्रियों की सुविधा के लिए तैयार जीआरपी वेबसाइट और सहयात्री एप का माननीय केंद्रीय गृहराज्य मंत्री श्री नित्यानंद राय ने किया उद्घाटन



केन्द्रीय गृहराज्य मंत्री श्री नित्यानंद राय को पौधा भेंट करते हुए पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक



केन्द्रीय गृहराज्य मंत्री श्री नित्यानंद राय जीआरपी वेबसाईट लॉच करते हुए



मंच पर आसीन केन्द्रीय गृहराज्य मंत्री, पुलिस आयुक्त एवं वरिष्ठ पुलिस अधिकारीगण



सहयात्री मोबाईल ऐप लॉच करते हुए केन्द्रीय गृहराज्य मंत्री

10 अक्टूबर, 2019 को संसद मार्ग स्थित नई दिल्ली सिटी सेंटर के सम्मेलन कक्ष सभागार में आयोजित एक कार्यक्रम में माननीय **केंद्रीय गृहराज्य मंत्री श्री नित्यानंद राय** ने GRP website "www.railways.delhipolice.gov.in तथा Mobile App 'Sahyatri-Delhi Railway Police' का उद्घाटन किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि **माननीय केंद्रीय गृहराज्य मंत्री श्री नित्यानंद राय, पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक, विशेष पुलिस आयुक्त (परिवहन) श्री प्रवीर रंजन, पुलिस महा–निदेशक (रेलवे पुलिस बल) श्री अरूण कुमार, महानिरीक्षक पुलिस (रेलवे पुलिस बल), श्री एस.एन. पांडे, महाप्रबंधक (उत्तरी रेलवे) श्री टी.पी. सिंह** तथा **उपायुक्त पुलिस श्री दिनेश गुप्ता** मंच पर आसीन थे। सभागार में भारी संख्या में दिल्ली पुलिस व आर.पी.एफ के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि माननीय केंद्रीय गृहराज्य मंत्री श्री नित्यानंद राय ने दिल्ली पुलिस द्वारा रेलयात्रियों की सुविधा के लिए शुरू की जीआरपी वेबसाइट और सहयात्री मोबाइल एप की प्रशंसा की ओर इसे digitalization की दिशा में एक नया कदम बताया। उन्होंने अपने सम्बोधन में वेबसाइट और एप की विशेषताओं के बारे में बताते हुए कहा कि अब रेल यात्री किसी भी समय अपने साथ हुए अपराध की एफआईआर चलती रेल में दर्ज करा सकेंगे और साथ ही अपनी शिकायत व सुझाव भी एप के माध्यम से दे सकेंगे। दिल्ली पुलिस ने देशभर की जीआरपी (गवर्नमेंट रेलवे पुलिस) के लिए यह सुविधा प्रदान की है। जिसमें रेलयात्री जीआरपी दिल्ली से संबंधित मामले दर्ज करा सकेंगे और रेलवे पुलिस से अपने मामले का फीडबैक भी ले सकेंगे। 24 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश के जीआरपी प्रमुखों को वेबसाइट का सुपर एडमिन बनाया गया है और इनको अलग–अलग उपयोगकर्ता आईडी दिए गए हैं। इस वेबसाइट पर तमाम राज्यों की जीआरपी पुलिस अपने अपने राज्यों के वांछित अपराधियों एवं उनका अभिलेख साझा कर सकेंगे। ये दोनों सुविधाएँ केवल रेल यात्रियों के लिए उपलब्ध होंगी और इसकी मदद से एक–दूसरे राज्यों के रेलवे अपराधियों की परस्पर जानकारी साझा हो सकेंगी। जीआरपी की वेबसाइट मोबाइल फ्रेंडली है जिसे एंड्रॉइड और आईओएस के लिए हाईब्रिड एप्लिकेशन से विकसित किया गया है। सहयात्री मोबाइल एप को किसी भी मोबाइल फोन से चलाया जा सकेगा।

इस मौके पर **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** ने अपने सम्बोधन में कहा कि गतवर्ष अक्टूबर माह में पुलिस मुख्यालय में हुई अन्तर्राज्यीय समन्वय बैठक को सम्बोधित करते हुए उन्होंने इस बात पर जोर दिया था कि रेलयात्रियों की सुविधा के लिए भी एक वेबसाइट और मोबाइल एप की शुरूआत होनी चाहिए। क्योंकि अक्सर ऐसा देखा जाता है कि जब भी किसी रेलयात्री के साथ सफर के दौरान कोई वारदात होती है तो वह अपनी शिकायत दर्ज कराने में स्वयं को असहाय महसूस करता है। अब इस वेबसाइट और मोबाइल एप के शुरू होने से यात्री अपने साथ हुए किसी भी प्रकार के अपराध की रिपोर्ट तत्काल कर सकेंगे। पुलिस आयुक्त महोदय ने इस वेबसाइट और मोबाइल एप को लॉंच करने में अहम भूमिका निभाने वाले पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों की सराहना करते हुए कहा कि दिल्ली पुलिस नागरिकों को अधिक से अधिक सुविधा उपलब्ध कराने के लिए निरंतर आधुनिक तकनीक को आत्मसात कर रही है।

माननीय केन्द्रीय गृहराज्य मंत्री श्री जी. किशन रेड्डी ने दिल्ली पुलिस के जांबाज पुलिसकर्मियों को "रक्षक सम्मान–2019' से किया सम्मानित

6 सितम्बर, 2019 की शाम तालकटोरा स्टेडियम में इंडियन मीडिया वेल्फेयर एसोसिएशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम **'रक्षक सम्मान–2019'** में दिल्ली पुलिस के कुछ जांबाज पुलिसकर्मियों को मुख्य **अतिथि माननीय केन्द्रीय गृहराज्य मंत्री श्री जी. किशन रेड्डी** जी द्वारा सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले इन पुलिसकर्मियों ने विभिन्न मौकों पर अपनी जान पर खेल कर ऐसे नागरिकों की जीवनरक्षा की जो या तो आग की लपटों में घिर गये थे, अचानक अचेत होकर गिर गये, सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए, पानी के तेज बहाव में या दलदल में फंस गये । इनमें से कुछ पुलिसकर्मियों ने लापता हुए बच्चों का उनके परिजनों से पुनर्मिलाप कराने में भी शानदार भूमिका अदा की है। इस मौके पर **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक, पूर्व क्रिकेट कप्तान श्री कपिल देव, प्रख्यात पत्रकार एवं डीडीएसी के अध्यक्ष श्री रजत शर्मा, नवभारत टाइम्स के एसोसिएट एडिटर श्री आशीष पांडे, प्रसिद्ध गायक श्री सुरेश वाडेकर, दिल्ली पत्रकार संघ के महासचिव श्री अमलेश राजू, वरिष्ठ पत्रकार श्री प्रमोद कुमार, श्री दिलबर गोठी, श्री ललित वत्स, श्री राजेश गौड़, हंस फाउंडेशन के मशहूर समाजसेवी श्रीमती मंगला एवं श्री भोले तथा कार्यक्रम के संयोजक श्री राजीव निशाना व श्री सुरेश झा** सहित उनकी टीम के सदस्य उपस्थित थे। इसके अलावा सभी जिला/इकाईयों से आए हजारों पुलिसकर्मी भी स्टेडियम में उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि श्री जी.किशन रेड्डी ने अपने सम्बोधन में दिल्ली पुलिस की प्रशंसा करते हुए कहा कि दिल्ली की जनता अपनी व्यस्तताओं के चलते पुलिसकर्मियों की कठिनाईयों को नहीं समझ पाती और ना ही उनके प्रति अपनी सकारात्मक सोच को प्रकट करती है। उन्होंने कहा कि मुझे इस बात का अहसास है कि दिल्ली पुलिस के अधिकारी एवं कर्मी हर कठिन परिस्थिति में दिल्लीवासियों की सेवा–सुरक्षा में तत्पर रहते है इसलिए नागरिकों को भी चाहिए कि वे पुलिसकर्मियों को सम्मान करें और उनकी वेदना को भी समझे। इस मौके पर पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने कहा कि दिल्ली पुलिस का हर कर्मी बिना कोई विराम किये निरंतर चाहे अवकाश हो या त्यौहार के दिन, कड़ी सर्दी व गर्मी, वर्षा व उमस की स्थिति में सड़कों पर अपनी ड्यूटी करता है ताकि दिल्ली के नागरिक सुरक्षित माहौल में अपना जीवन यापन कर सकें।



दीप प्रज्जवलित करते हुए मुख्य अतिथि, पुलिस आयुक्त एवं समाज सेवी दम्पत्ति



जांबाज सिपाही को सम्मानित करते हुए मुख्य अतिथि



समारोह में गरिमामय उपस्थिति







जांबाज पुलिस अफसरों को सम्मानित करते हुए मुख्य अतिथि एवं आमंत्रित वरिष्ठ अधिकारीगण

दिल्ली पुलिस परिवार कल्याण समिति की गतिविधियों पर एक नज़र



22 सितम्बर, 2019 को दिल्ली पुलिस परिवार कल्याण समिति (पीएफडब्लूएस) की अध्यक्षा श्रीमती सूचना पटनायक ने नई पुलिस लाइन में मिशन ओलंपिक स्पोर्ट्स मीट–2019 का उद्घाटन किया। इस मौके पर विशेष पुलिस आयुक्त श्री एस.नित्यानंदम, उपायुक्त पुलिस (वेलफेयर) श्री मोहम्मद आसिफ, समिति की सभी वरिष्ठ पदाधिकारीगण, खेल प्रशिक्षक व खिलाड़ी मौजूद थे। 22 से 28 सितंबर तक चली इस स्पोर्ट्स मीट के उद्घाटन के मौके पर समिति की अध्यक्षा श्रीमती सूचना पटनायक ने कहा कि मिशन ओलंपिक स्पोर्ट्स मीट–2019 का उद्देश्य चयनित टीमों की तैयारियों पर नजर रखना और उनके प्रदर्शन को बढ़ावा देना है। 22 सितम्बर को कुश्ती व कबड्डी की प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ जबकि 28 सितम्बर को एथलेटिक्स, फुटबाल व बैडमिंटन की प्रतियोगिताएँ हुईं। कबड्डी व फुटबॉल की विजेता टीम को 11,000 रुपये जबकि उप–विजेता टीम को 5100 रुपये का नगद पुरस्कार तथा एथलेटिक्स, कुश्ती व बैडमिंटन में प्रत्येक प्रतियोगिता के विजेता को 1100 रुपये, पहले उपविजेता को 700 व दूसरे उप–विजेता को 500 रुपये का नगद पुरस्कार दिया गया। प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पीएफडब्लूएस 17 प्रतिभागियों को विशेष सम्मान दिया।



समिति की अध्यक्षा श्रीमती सूचना पटनायक



मिशन ओलंपिक स्पोर्ट्स मीट–2019 की तैयारियों में जुटी समिति, कोच एवं खिलाड़ी

दिल्ली पुलिस परिवार कल्याण समिति ने विभिन्न पुलिस कॉलोनियों में स्वच्छता की महत्ता और सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्परिणामों के प्रति जागरुकता फैलाई





सिंगल यूज प्लास्टिक प्रयोग न करने की शपथ लेते हुए दिल्ली पुलिस परिवार कल्याण समिति के पदाधिकारी एवं पुलिस कॉलोनियों के निवासी

राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की 150वीं जयंती के मौके पर दिल्ली पुलिस परिवार कल्याण समिति ने 25 सितम्बर से 2 अक्टूबर के बीच **''स्वच्छ भारत अभियान सप्ताह''** मनाया। समिति की **अध्यक्षा श्रीमती सूचना पटनायक** की अगुवाई में दिल्ली पुलिस की विभिन्न पुलिस कॉलोनियों में चले स्वच्छता अभियान के साथ–साथ ''सिंगल यूज प्लास्टिक'' का उपयोग ना किये जाने के प्रति जागरूक भी किया। शालीमार बाग पुलिस कॉलोनी में पौधारोपण करते हुए श्रीमती सूचना पटनायक ने पुलिस परिवारों को जीवन में स्वच्छता की महत्ता और सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से बताया। इस मौके पर मनोचिकित्सक डॉ. आराधना शर्मा ने बताया कि प्लास्टिक पर्यावरण के लिए घातक है और यह सहजता से नष्ट नहीं होता और मिट्टी की उर्वरा क्षमता को भी नष्ट करता है, जिसका सीधा–सीधा प्रभाव हमारी जीवनशैली पर पड़ता है। इस मौके पर समिति की अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों ने कपड़े व जूट से बनी थैलियों का वितरण करते हुए पुलिस परिवारों को स्वनिर्मित थैलियों के प्रयोग के प्रति प्रोत्साहित किया।



सिंगल यूज प्लास्टिक के स्थान पर हाथों से निर्मित थैले का नमूना दिखाते हुए श्रीमती सूचना पटनायक



पौधा रोपण करते हुए श्रीमती सूचना पटनायक

बाबा खड़ग सिंह मार्ग पर पुलिस परिवार कल्याण समिति का ''स्वयं'' आउटलेट खुला





स्वयं आउटलेट के उद्घाटन के मौके पर समिति की अध्यक्षा एवं अन्य पदाधिकारीगण



4 सितम्बर, 2019 को दिल्ली पुलिस परिवार कल्याण समिति की **अध्यक्षा श्रीमती सूचना पटनायक** ने बाबा खड़ग सिंह मार्ग पर खादी इंपोरियम के सामने ''स्वयं'' नाम से एक आउटलेट का उद्घाटन किया। इस अवसर पर एनडीएमसी की **सचिव श्रीमती रश्मि सिंह, विशेष पुलिस आयुक्त श्रीमती नुजहत हसन**, दिल्ली पुलिस परिवार कल्याण समिति की वरिष्ठ पदाधिकारीगण तथा दिल्ली पुलिस व एनडीएमसी के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। इस आउटलेट में पुलिस परिवारों द्वारा समिति की मदद से हस्तनिर्मित उत्पाद जैसे कपड़े, अचार, मोमबती, मसाले व अन्य घरेलू सामान आदि का प्रदर्शन किया जाएगा जिन्हें आम लोग खरीद भी सकेंगे।





सफाई अभियान का नेतृत्व करते हुए श्रीमती सूचना पटनायक

दिल्ली पुलिस परिवार कल्याण समिति की पदाधिकारियों ने विभिन्न वेलफेयर सेंटरों में पिछले दिनों स्वच्छता अभियान, पौधा रोपण, सिंगल यूज़ प्लास्टिक से सम्बधिंत जागरूकता अभियान चलायें जिसमें विभिन्न पुलिस कॉलोनियों में रहने वाले परिवारों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और शपथ भी ली।

कैंसर जांच शिविर आयोजित

दिल्ली पुलिस परिवार कल्याण समिति ने 12 सितम्बर, 2019 को कैंसर जांच शिविर का आयोजन किया जिसमें बी.एल. कपूर अस्पताल की प्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ सुश्री सुमन लता ने 22 पुलिसकर्मियों एवं 32 महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की। स्वास्थ्य जांच के दौरान 10 महिलाओं को पैथोलॉजी लैब में अग्रिम जांच के लिए रेफर किया और वरिष्ठ परामर्शदाता डॉ0 जय गोपाल शर्मा ने उपस्थित पुलिसकर्मियों को इस भयंकर बीमारी के प्रति जागरूक किया। इस मौके पर समिति की अध्यक्षा श्रीमती सूचना पटनायक एंव समिति की अन्य वरिष्ठ पदाधिकारीगण भी उपस्थित थी।



नई पुलिस लाईन में स्थित वेलफेयर सेंटर में आयोजित कार्यक्रम के उद्घाटन के मौके पर समिति की अध्यक्षा श्रीमती सूचना पटनायक एवं अन्य पदाधिकारीगण

त्योहारों के दौरान पुलिस ने किये कड़े सुरक्षा प्रबंध

दिवाली की रात पुलिस आयुक्त ने स्वयं प्रमुख बिंदूओं पर सुरक्षा का जायजा लिया, पुलिसकर्मियों को मिठाई बांटी और उन्हें शुभकानाएँ देते हुए उनका हौसला अफजाई भी की

भारतीय संस्कृति में दिवाली का पर्व जहां बड़े पैमाने पर हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है वहीं सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बलों के साथ–साथ अग्निशमन व चिकित्सा से जुड़े अधिकारी भी काफी सतर्क रहते हैं। ताकि नागरिक निर्भय होकर इस पर्व का आनंद उठा सके। राजधानी, दिल्ली में पुलिस द्वारा बाजारों, सार्वजनिक स्थानों और सड़कों पर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये गये थे। पूर्व की भांति इस वर्ष भी दिल्ली पुलिस सुरक्षा की दृष्टि से काफी मुस्तैद रही। सुरक्षा प्रबंधों की गंभीरता को देखते हुए **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** ने 27/28 अक्टूबर की रात पुलिस मुख्यालय, नई दिल्ली में स्थित पुलिस पिकेटों, ट्रैफिक प्वाइंट्स नोएडा बॉर्डर के पास चिल्ला पुलिस पिकेट व हैदरपुर स्थित पुलिस कंट्रोल रूम सहित सुरक्षा की दृष्टि से अन्य बहुत से बिंदूओं पर जाकर सुरक्षा का जायजा लिया। इस मौके पर **विशेष पुलिस आयुक्त (कानून–व्यवस्था–उत्तरी परिक्षेत्र) श्री संजय सिंह, विशेष पुलिस आयुक्त (कानून–व्यवस्था–दक्षिणी परिक्षेत्र) श्री आर.एस.कृष्णिया** एवं कई परिक्षेत्रों के संयुक्त पुलिस आयुक्त भी पुलिस आयुक्त के साथ थे। पुलिस आयुक्त ने विभिन्न बिंदुओं पर तैनात पुलिसकर्मियों को मिठाई बांटी और उन्हें शुभकामनाएँ देते हुए प्रोत्साहित किया।



दीवाली की रात्रि दिल्ली के विभिन्न बिंदूओं पर तैनात पुलिसकर्मियों को प्रोत्साहित करते हुए पुलिस आयुक्त

दीवाली की पूर्व संध्या पर पुलिस मुख्यालय प्रांगण में दिवाली मिलन समारोह आयोजित

25 अक्टूबर, 2019 को पुलिस मुख्यालय प्रांगण में दिवाली मिलन समारोह आयोजित हुआ। इस मौके पर **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** ने समारोह में उपस्थित वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मियों के साथ–साथ उनके परिजनों को भी दिवाली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ दी। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि आप सब कोई भी त्योहार क्यों ना हो अपने परिजनों से दूर रह कर दिल्लीवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करनें में अपनी भागीदारी निभाते हैं। इसके अलावा भी विभिन्न राष्ट्रीय पर्वो के दौरान चाक–चौबंद सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर रहते हैं,उसके लिए मैं आप सबकी सराहना करता हूँ।



पुलिस मुख्यालय प्रांगण में पुलिसकर्मियों को दीवाली की शुभकामनाएँ देते हुए पुलिस आयुक्त

राष्ट्रीय एकता दिवस पर दिल्ली पुलिस की मार्च-पास्ट परेड



राष्ट्रीय एकता दिवस पर आयोजित परेड की सलामी लेते हुए पुलिस आयुक्त

31 अक्टूबर, 2019 को **'राष्ट्रीय एकता दिवस'** के मौके पर दिल्ली पुलिस ने इंडिया गेट पर **''मार्च–पास्ट''** परेड का आयोजन किया गया। इस मौके पर **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** ने परेड की सलामी ली। सरदार वल्लभ भाई पटेल की 144 जयंती के मौके पर इंडिया गेट प्रांगण में आयोजित इस परेड में महिला स्वेट टीम, सशस्त्र पुलिस, नीट, पराक्रम व प्रखर वैन्स व डॉग स्क्वायड की टीमों ने हिस्सा लिया। इंडिया गेट पर दिल्ली पुलिस के चिर–परिचित बैंड ने देशभक्ति की मधुर धुनें बजाई जिसका दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों **श्री राजेश मलिक, श्री एस. नित्यानंदम, श्री ताज हसन, श्री आर.एस.कृष्णिया, श्री एस.के.गौतम, श्री संजय सिंह, श्रीमती नुजहत हसन, श्री सतीश गोलचा, श्री प्रवीर रंजन, श्री रॉबिन हिबू एवं संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री आनंद मोहन, श्री राजेश कुमार खुराना व श्री अतुल कटियार** सहित कार्यक्रम में उपस्थित अन्य अधिकारियों एवं आम जनता ने लुत्फ उठाया।

नए पुलिस मुख्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस'' शपथ ग्रहण समारोह

31 अक्टूबर, 2019 को जयसिंह रोड पर नवनिर्मित पुलिस मुख्यालय में स्थित कॉंफ्रेंस हॉल में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों ने राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ ली। एक महान शख्सियत एवं लौह पुरूष पहले उप–प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की 144वीं जयंती के मौके पर पुलिस मुख्यालय सहित विभिन्न जिला/इकाईयों में शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किये गये। स्मरण दिलाया जाता है कि 12 दिसम्बर, 1948, 13 दिसम्बर, 1948 तथा 19 मार्च, 1950 को दिल्ली पुलिस द्वारा आयोजित परेड व अन्य कार्यक्रमों में माननीय सरदार वल्लभ भाई पटेल जी मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए थे। उन्होंने भारतीय पुलिस के इतिहास में पुलिस बलों को नया स्वरूप देने और उनमें सुधार प्रक्रिया को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।



राष्ट्रीय एकता की शपथ ग्रहण करते हुए अधिकारीगण

शपथ

मैं, सत्यनिष्ठा से शपथ लेता हूँ कि मैं राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करूंगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भरसक प्रयास करूंगा। मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूँ जिसे सरदार वल्लभभाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यो द्वारा संभव बनाया जा सका। मैं अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुरक्षित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प लेता हूँ।

भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा

29 अक्टूबर, 2019 को पुलिस मुख्यालय स्थित कॉंफ्रेंस हॉल में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों ने भ्रष्टाचार उन्मूलन संबंधित '' सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा '' की शपथ ली।

मेरा विश्वास है कि हमारे देश की आर्थिक, राजनीतिक तथा सामाजिक प्रगति में भ्रष्टाचार एक बड़ी बाधा है। मेरा विश्वास है कि भ्रष्टाचार का उन्मूलन करने के लिए सभी संबंधित पक्षों जैसे सरकार, नागरिकों तथा निजी क्षेत्र को एक साथ मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है। मेरा मानना है कि प्रत्येक नागरिक को सतर्क होना चाहिए तथा उसे सदैव ईमानदारी तथा सत्यनिष्ठा से उच्चतम मानकों के प्रति वचनबद्ध होना चाहिए तथा भ्रष्टाचार के विरूद्ध संघर्ष में साथ देना चाहिए।

अतः मैं प्रतिज्ञा करता हूँ कि: जीवन के सभी क्षेत्रों में ईमानदारी तथा कानून के नियमों का पालन करूँगा। ना तो रिश्वत लूंगा और ना ही रिश्वत दूंगा। सभी कार्य ईमानदारी तथा पारदर्शी रीति से करूँगा। जनहित में कार्य करूँगा। अपने निजी आचारण में ईमानदारी दिखाकर उदाहरण प्रस्तुत करूँगा। भ्रष्टाचार की किसी भी घटना की रिपोर्ट उचित एजेंसी को दूंगा।



भ्रष्टाचार उन्मूलन की शपथ लेते हुए अधिकारीगण

उत्तर–पूर्वी जिला के न्यू उस्मानपुर थाने की नई बिल्डिंग का उद्घाटन



भित्ति पटिट्का का अनावरण करते हुए आयुक्त पुलिस साथ में वरिष्ठ पुलिस अधिकारीगण



कार्यक्रम के दौरान मंच पर आसीन पुलिस आयुक्त एवं अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारीगण



उत्तर–पूर्वी जिला इलाके में स्कूटी से गश्त करने वाली महिला पुलिसकर्मियों के दस्ते को हरी झण्डी दिखाते हुए पुलिस आयुक्त

6 सितम्बर, 2019 को **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** ने **उत्तर–पूर्वी जिला** के **न्यू उस्मानपुर थाने** की नई बिल्डिंग का उद्घाटन किया। इस मौके पर **विशेष पुलिस आयुक्त श्री राजेश मलिक, श्री ताज हसन, श्री मुक्तेश चन्द्र, श्री आर.एस.कृष्णिया, श्री संजय सिंह, संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री आलोक कुमार, उपायुक्त पुलिस श्री अतुल ठाकुर, श्री जसमीत सिंह व श्रीमती मेघना यादव** सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक व पूर्वी परिक्षेत्र के पुलिस अधिकारी एवं जवान उपस्थित थे। इस मौके पर सम्बोधित करते हुए **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** ने कहा कि अपराधों पर पूरी तरह से अंकुश केवल और केवल जनता व पुलिस के मजबूत एवं विश्वसनीय संबधों से ही लगाया जा सकता है। दिल्ली पुलिस के कर्मियों को अन्य राज्यों के पुलिसकर्मियों की अपेक्षा ज्यादा मेहनत करनी होती है, नित् भिन्न–भिन्न प्रकार की चुनौतियों से निपटना पड़ता है, फिर भी दिल्ली पुलिस हर परिस्थिति में दिल्ली के नागरिकों की सुरक्षा के लिए तत्पर रहती है। पुलिस आयुक्त महोदय ने उत्तर–पूर्वी जिले के पुलिस अधिकारियों, कर्मियों और इलाके के लोगों को थाने की नई बिल्डिंग बनने पर बधाई देते हुए कहा कि थाना परिसर में मौजूद सुविधाएँ जहां पुलिसकर्मियों को उत्साहित होकर काम करने के लिए प्रोत्साहित करेंगी वहीं नागरिकों को भी थाना परिसर में आने पर अपनत्व का आभास होगा। इस मौके पर उन्होंने जिला द्वारा शुरू की गई महिला पुलिस गश्त दल को हरी झंडी दिखा कर रवाना करते हुए कहा कि महिला पुलिसकर्मियों के इलाके में मौजूद रहने से महिलाएँ स्वयं को ज्यादा सुरक्षित महसूस करेंगी। स्कूटी पर सवार महिला पुलिसकर्मियों के दस्ते इलाके में स्थित स्कूलों/कॉलेजों/पार्कों और ऐसी जगहों पर गश्त करेंगे जहाँ महिलाओं/छात्राओं का आवागमन ज्यादा रहता है। न्यू उस्मानपुर थाने की बिल्डिंग में आई.ओ. रूम, पुस्तकालय, योगा कक्ष, जिम, मनोरंजन कक्ष, मैस, कैंटीन जैसी मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध है।



थाना न्यू उस्मानपुर की नव निर्मित बिल्डिंग की एक झलक

माह सितम्बर व अक्टूबर में सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी



अति. उपायुक्त पुलिस श्री गिरिराज सिंह



एसीपी श्री हरिमोहन चौहान



एसीपी श्री सुरेश चन्द त्यागी



एसीपी श्री विपिन कुमार नैयर



एसीपी श्री प्रेम चन्द्र झा

पुलिस परिवार की शुभकामनाएँ

दिल्ली पुलिस परिवार सितम्बर व अक्टूबर माह में सेवा निवृत्त हुए सभी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों के अच्छे स्वास्थ, दीर्घायु और खुशहाल जीवन की कामना करता है।

आईजीआई एयरपोर्ट टर्मिनल–2 पर सुविधा केंद्र (Facilitation Kiosk) का उद्घाटन



कियोस्क का उद्घाटन करते हुए पुलिस आयुक्त

11 सितम्बर, 2019 को **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** ने आईजीआई एयरपोर्ट टर्मिनल–2 पर पुलिस सुविधा केंद्र का उद्घाटन किया। इस मौके पर डायल के **मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री विदेह कुमार जयपुरिया, विशेष पुलिस आयुक्त श्री प्रवीर रंजन, संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री अतुल कटियार एवं उपायुक्त पुलिस श्री संजय भाटिया** सहित काफी संख्या में एयरपोर्ट प्राधिकरण एवं दिल्ली पुलिस के अधिकारी एव कर्मी मौजूद थे। इस मौके पर पुलिस आयुक्त महोदय ने कहा कि दिल्ली पुलिस नागरिकों को अधिकतम सुविधा मुहैया कराने के लिए Digital Initiatives पर काम कर ही है और हमारा प्रयास है कि नागरिकों को दिल्ली पुलिस से संबंधित सभी सेवाएँ online उपलब्ध हों। यह हमारे उसी प्रयास का परिणाम है कि आईजीआई एयरपोर्ट पर 24 घंटे खुले रहने वाले ऐसे दूसरे सुविधा केंद्र की शुरूआत की गई है जिसमें महिला पुलिसकर्मी तैनात रहेंगी। उन्होंने कहा की एयरपोर्ट पर प्रतिदिन हजारों की संख्या में यात्रियों का आवागमन लगा रहता है और कोई एक छोटा सा अपराध होने पर पीड़ित को रिपोर्ट लिखाने के लिए चौकी या पुलिस स्टेशन जाना पड़ता है। परन्तु इस सुविधा के शुरू होने से यात्रीगण अपनी खोया–पाया, गुमशुदगी, चोरी या अन्य अपराधों एवं समस्याओं से संबंधित शिकायते इस सुविधा केंद्र में दर्ज करा सकेंगे।

पुलिस आयुक्त द्वारा 6 सर्वश्रेष्ठ बीट ऑफिसर्स सम्मानित


कां आदेश
जून माह के दिल्ली के सर्वश्रेष्ठ बीट ऑफिसर


हेडकां. महताब


हेडकां. यशपाल


हेडकां. सतपाल सिंह समोता

पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने 5 सितम्बर को विभिन्न परिक्षेत्रों से जून माह के दौरान चयनित किये गये 6 सर्वश्रेष्ठ बीट ऑफिसर्स को अपनी बीट में निवासियों के साथ बेहतर तालमेल रखने, अपराधियों के बारे में गुप्त सूचनाएँ एकत्रित करने और ड्यूटी के दौरान कर्तव्यनिष्ठा का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करने पर प्रशंसा पत्र व नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। **जून माह के सर्वश्रेष्ठ बीट ऑफिसर्स में शामिल हैः कां आदेश** (थाना जीटीबी एन्कलेव, पूर्वी परिक्षेत्र एवं जून माह के दिल्ली के सर्वश्रेष्ठ बीट ऑफिसर), **हेडकां. महताब** (थाना लाहौरी गेट उत्तरी परिक्षेत्र), **हेडकां. यशपाल** (थाना बेगमपुर, उत्तरी परिक्षेत्र), **कां. रवि कुमार** (थाना न्यू फ्रेंडस कॉलोनी, दक्षिणी परिक्षेत्र) तथा **हेडकां. सतपाल सिंह समोता** (थाना सागरपुर, नई दिल्ली परिक्षेत्र) तथा **कां. भारत सिंह** (थाना द्वारका सेक्टर–23 पश्चिमी परिक्षेत्र) जो किन्हीं अपरिहार्य कारणों से उपस्थित नहीं हो सके थे ।


कां. रवि कुमार

हेडकां. प्रवेश तोमर ने शॉटपुट में स्वर्ण तथा डिस्कस थ्रो में रजत पदक जीत कर चाइना में तिरंगा लहराया


हेडकां. प्रवेश तोमर अपने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ पुलिस आयुक्त से भेंट करते हुए

दिल्ली पुलिस के एथलीट और कोच **हेडकां. प्रवेश तोमर** ने 8 से 18 अगस्त के बीच चाइना के चेगंडू शहर में आयोजित **''2019 वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स''** में स्वर्ण व रजत पदक जीत कर भारत का नाम रोशन किया है। हेडकां. प्रवेश तोमर ने इस प्रतियोगिता में दिल्ली पुलिस की तरफ से भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए शॉटपुट एवं डिस्कस थ्रो प्रतियोगिता में क्रमशः स्वर्ण व रजत पदक जीत कर चाइना के खेल मैदान में तिरंगा लहराया। 4 अक्टूबर, 2019 को हेडकां0 प्रवेश तोमर ने **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** से शिष्टाचार मुलाकात कर अपनी इस उपलब्धि के बारे में बताया। पुलिस आयुक्त महोदय ने हेडकां0 प्रवेश को अपने देश व विभाग का नाम रोशन करने पर प्रवेश को बधाई दी और उन्हें समुचित पुरस्कार से सम्मानित किये जाने का आश्वासन भी दिया। इस मौके विशेष पुलिस आयुक्त श्री रोबिन हिबू, उपायुक्त पुलिस श्रीमती कमला मीणा व एसीपी श्री सुधीर सिंह भी मौजूद थे। हेडकां0 प्रवेश तोमर दिल्ली पुलिस परिवार कल्याण समिति के मिशन–2020 की तैयारियों में भी अहम भूमिका निभा रहे हैं और दिल्ली पुलिस की स्पोर्टस यूनिट में डिस्कस थ्रो में एक कोच व खिलाड़ी की भूमिका को भी बखूबी निभा रहे हैं।

शुभकामनाएँ

माह जुलाई व अगस्त, 2019 के दौरान दिल्ली पुलिस की विभिन्न जिला/ईकाईयों से 230 पुलिसकर्मी सेवानिवृत्त हुए हैं। इनमें से 39 पुलिसकर्मियों ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ली है। दिल्ली पुलिस परिवार सेवानिवृत्त हुए सभी पुलिसकर्मियों के अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना करता है।

अगस्त माह में सेवानिवृत्त हुए 124 पुलिसकर्मियों में शामिल है :– इंस्पेक्टर कृष्ण प्रकाश, एसआई जगदीश चन्द्र जोशी, एएसआई रविप्रकाश शर्मा व एएसआई विक्रम जीत (पुलिस मुख्यालय), एसआई सुबोध कुमार, एसआई मोहिन्द्र पाल सिंह, एसआई विनोद कुमार, एसआई पदमेश कुमार, एएसआई रवि प्रकाश शर्मा (यातायात), एएसआई चन्दर शेखर, एएसआई घनश्याम व एएसआई रविन्द्र कुमार सिंह (सातवीं वाहिनी), इंस्पेक्टर किरण महाजन, एसआई राकेश लूथरा, एसआई जीत सिंह, एएसआई निरंजन सिंह व एएसआई दिलवार सिंह (रोहिणी जिला), एसआई सुरेश चंद एसआई पवन सिंह व एएसआई हरीश कुमार, (शाहदरा जिला), एएसआई अशोक कुमार, (छट्टी वाहिनी), एसआई जयप्रकाश, एएसआई कृष्ण कुमार, एएसआई गोपीचंद व एमटीएम सुरेन्द्र कुमार (राष्ट्रपति भवन), एसआई किरण पाल सिंह व एएसआई हंस राज (अपराध शाखा), धीरज सिंह, एसआई श्रीकृष्ण, एएसआई विरेन्द्र सिंह, एएसआई बस्ती राम यादव, हेडकां0 भूप सिंह व एमटीएस सतनारायण (पांचवी वाहिनी), एएसआई गगन कुमार व एमटीएस धनसिंह (प्रथम वाहिनी), एमटीएस बालम सिंह (द्वितीय वाहिनी) एसआई नरेन्द्र सिंह, एएसआई उदयभान व एमटीएम लक्ष्मी देवी (दक्षिणी जिला), इंस्पेक्टर इलियास टिर्की, इस्पेक्टर भूपेन्द्र सिंह, एसआई विजय पाल सिंह, एसआई राजेन्द्र सिंह, एएसआई महेन्द्र सिंह व एमटीएम रमेश (दक्षिणी–पूर्वी जिला), एएसआई दलेल सिंह (बाहरी–उतरी जिला), एसआई अमन सिंह (स्पेशल सेल), इंस्पेक्टर वेदप्रकाश, एसआई रामविलास मीणा, एसआई सत्यपाल बब्बर, एसआई महाबीर सिंह, एसआई रणबीर सिंह, एएसआई जयदयाल, एएसआई रामचन्द्र सिंह, एएसआई वेदप्रकाश, एएसआई गंगा शरण, एएसआई ब्रहम सिंह, एएसआई राजेन्द्र कुमार, एएसआई विनोद कुमार, हेडकां0 हरीसिंह (पीसीआर), एसआई साहिब सिंह व एएसआई रामनिवास (बाहरी जिला), एएसआई ब्रहम प्रकाश, एएसआई होशियार सिंह, एएसआई मामन सिंह, हेडकां0 जगदेव सिंह (मध्य जिला), एएसआई हुक्म सिंह, एएसआई महेन्द्र पाल सिंह, हेडकां0 कृष्ण कुमार (उतर पश्चिमी जिला), महिला एसआई रविन्द्र कौल (दक्षिण–पश्चिमी जिला), एएसआई रमेश सिंह दीक्षित व एमटीएस करतारा (तृतीय वाहिनी), इंस्पेक्टर गंगाधर, एसआई सोहन लाल, एसआई प्रेमपाल सिंह, एसआई दलजीत सिंह सुमन, एसआई राजेश्वर, एसआई सतीश चंद, एसआई राजबीर सिंह, एसआई गिरीराज सिंह, एसआई रामबीर सिंह, एसआई बलजीत सिंह, एएसआई कुलदीप कुमार, एएसआई ध्यान सिंह, एएसआई सुरेन्द्र सिंह, एएसआई इन्दरपाल सिंह, एएसआई सज्जन कुमार व हेडकां0 अनिल कुमार एमटीएस नरेश कुमार (सुरक्षा शाखा), इंस्पेक्टर श्याम लाल, एएसआई सुरेश कुमार, एएसआई शिवपाल सिंह, हेडकां0 बलराज सिंह व एमटीएस कृष्ण बहादुर (नई दिल्ली जिला) एएसआई देवेन्द्र (पीटीसी), इंस्पेक्टर सशस्त्र बाहू, एसआई राम प्रसाद, एसआई राजेन्द्र सिंह, एएसआई नरेश कुमार, व हेडकां0 बलवान सिंह (द्वारका) एसआई सुरेश कुमार मान व एसआई लक्ष्मण सिंह (संचार शाखा), एसआई राजेन्द्र कुमार (पीएंडएल), एसआई दलजीत सिंह (उतरी जिला), इंस्पेक्टर विरेन्द्र कुमार, एसआई देवेन्द्र सिंह, एसआई लहरी सिंह, एसआई शोसिंह व एसआई दुर्गा प्रसाद (विशेष शाखा) एसआई प्रदीप कुमार एसआई जितेन्द्र कुमार एसआई ब्रिज मोहन, एसआई सत्यवीर सिंह एएसआई धर्मपाल, एएसआई सहनसरपाल शर्मा, हेडकां0 ओमपाल व एमटीएस जय लाल (उतर–पूर्वी जिला), इंस्पेक्टर मिथलेश, एसआई बाल सिंह यादव, एएसआई रामेश्वर, एएसआई प्रहलाद सिंह, एएसआई रघुराज सिंह (पश्चिमी जिला)।

सितम्बर माह में सेवानिवृत्त हुए 106 पुलिसकर्मियों में शामिल है :– इंस्पेक्टर आनंद प्रकाश, एसआई राजेन्द्र प्रसाद व एएसआई सुरेन्द्र पाल (पुलिस मुख्यालय), एसआई प्रताप सिंह, एसआई जगदीश प्रसाद मीणा, एएसआई तारा चंद, एएसआई सुरेश बाबू टी व हेडकां0 संजय राणा (यातायात), एसआई चन्दर प्रकाश व एसआई सूरत सिंह (स्पेशल सेल), इंस्पेक्टर नरेश चंद, एसआई श्रीकृष्ण व एएसआई शिवचरण (उत्तर–पश्चिमी जिला), इंस्पेक्टर सुशील कुमार, एएसआई कृष्णपाल सिंह, एसआई धर्मबीर सिंह, एएसआई हस्ती राम हुड्डा, एमटीएस रीटा सेठी (रोहिणी जिला), एएसआई रमेश चंद व एमटीएस तेजपाल (पाचंवी वाहिनी), एसआई जयसिंह, एसआई रामबीर सिंह व एएसआई मुकेश कुमार (शाहदरा जिला), एसआई बाल सिंह व एएसआई रघुराज सिंह (पश्चिमी जिला), एएसआई जोगेश पाल (बाहरी जिला), इंस्पेक्टर रबिन्दर नाथ रावत (अपराध शाखा), एसआई जोर्ज पीएस, महिला एएसआई नेंबू शेरपा व एएसआई भवंर सिंह (संचार शाखा) एसआई देवी सिंह, एएसआई पदम सिंह, एएसआई देवेन्द्र (दक्षिण–पूर्वी जिला), एसआई राज सिंह, एसआई देवेन्द्र कुमार, एएसआई जयपाल सिंह, एएसआई राजेन्द्र कुमार, एएसआई धर्मपाल, एएसआई नरेन्द्र कुमार, एएसआई पवन कुमार, एएसआई अशोक कुमार, एएसआई सतेन्द्र सिंह, एएसआई धर्मबीर, एएसआई गजेन्द्र सिंह, हेडकां0 विरेन्द्र सिंह, हेडकां0 ब्रहमपाल, कां0 चेतन दास, (पीसीआर) इंस्पेक्टर राजेन्द्र सिंह नरूका, एसआई वेदप्रकाश, (सातवीं वाहिनी), एएसआई धर्मबीर सिंह, हेडकां0 हवा सिंह, एमटीएस अशोक कुमार (पीटीसी), महिला इंस्पेक्टर सतेष भाटी, एसआई रोशन लाल,एसआई धर्मसिंह, एएसआई राधेश्याम, एएसआई, सुभाषचंद, कां0 रामदत्त त्यागी (दक्षिणी जिला), एएसआई प्रहलाद सिंह, एएसआई बलबीर सिंह, एएसआई खेमराज सिंह, एमटीएस कमला देवी (प्रथम वाहिनी), हेडकां0 राजबीर सिंह व हेडकां0 सतेन्द्र कुमार (द्वारका जिला), एएसआई रामबक्श (तृतीय वाहिनी), एसआई जसलीन कोंगारी व एएसआई सुनील (दक्षिणी जिला), एसआई राम मेहर, एसआई महाबीर सिंह, एसआई दलीप सिंह, एसआई यशपाल सिंह, एसआई विजय सिंह, एसआई रणजीत सिंह, एसआई शशी टी, एसआई जसपाल सिंह भाटी, एएसआई सुरेश कुमार, एएसआई यशंवत सिंह, एएसआई रघुनाथ, हेडकां0 सीता राम, हेडकां0 सतबीर सिंह, (सुरक्षा शाखा), एसआई ओमप्रकाश व एसआई वेदप्रकाश (उतर–पूर्वी जिला), एसआई रघुनाथ सिंह मीणा, एसआई ऋषिपाल व हेडकां0 नरेन्द्र सिंह (नई दिल्ली जिला), इंस्पेक्टर विरेन्द्र कुमार व एसआई दुर्गा प्रसाद (विशेष शाखा), एमटीएस महाबीर सिंह (छट्टी वाहिनी), इंस्पेक्टर सूरजभान सिंह व महिला एसआई मधुबाला (पूर्वी जिला), एएसआई देवकी नंदन व, एएसआई दशमेश कुमार (उतरी जिला), एसआई राजेन्द्र कुमार, एएसआई शीशपाल, एएसआई रामसिंह, हेडकां0 राजकुमार घेरा (पीएंडएल) तथा एसआई महेश चंद, एमटीएस जवाहर लाल व एमटीएस मान सिंह (मध्य जिला)।

श्रद्धांजलि

माह अगस्त एवं सितम्बर के दौरान दिल्ली पुलिस की विभिन्न जिला/ईकाईयों में तैनात 32 पुलिसकर्मियों की सेवाकाल के दौरान भिन्न–भिन्न कारणों से असमय मृत्यु हो गई। असमय बिछुड़ गए अपने इन साथियों को दिल्ली पुलिस परिवार अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता है और उनके शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना प्रकट करता है।

अगस्त माह में दिवंगत 18 पुलिसकर्मियों में शामिल हैं:– एसआई धीरेन्द्र कुमार, एसआई गुरदीप राज, एएसआई अब्दुल हामिद एवं हेडकां0 जगदीश सिंह (सुरक्षा), एएसआई विजय कुमार, हेडकां0 ओमप्रकाश व हेडकां0 शमशेर सिंह (पीसीआर), एएसआई नरेश कुमार (नई दिल्ली जिला),एएसआई अनिल कुमार (पीएंडएल), एएसआई सतबीर सिंह, हेडकां0 बुद्धराम मीणा व हेडकां0 भीम सिंह (दक्षिणी जिला), हेडकां0 गोपी चंद (यातायात), हेडकां0 नरेश पाल (रेलवे), हेडकां0 रवीन्द्र मीणा (संचार शाखा), कां0 दिलबाग सिंह (तृतीय वाहिनी), कां0 मुनेश कुमार (राष्ट्रपति भवन) एवं एमटीएस निर्मला (द्वारका जिला)।

सितम्बर माह में दिवंगत 14 पुलिसकर्मियों में शामिल हैं:– एसीपी श्री सतीश कुमार भारद्वाज (12वीं वाहिनी), एसआई किशन चंद (संचार शाखा), एसआई सुरेन्द्र कुमार, हेडकां0 सुधीर पाल (सुरक्षा), एसआई किशोर लाल व एएसआई उमेश दत्त (पीसीआर), हेडकां0 बस्ती राम (यातायात), एएसआई टीका राम (रोहिणी जिला) एएसआई सुरेन्द्र कुमारद व एएसआई कुंवरपाल सिंह (उत्तर–पूर्वी जिला), कां0 नवीन (दक्षिणी जिला), हेडकां0 सुनील जून (नई दिल्ली जिला), कां0 मोनू राम (स्पूवाक) तथा एमटीएस अब्दुल वाहिब (शाहदरा जिला)

सजगता के दम पर सफलताएँ अर्जित करते हुए अपनी विशिष्ठता और श्रेष्ठता सिद्ध करनी होती है : पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक



साथियों, सितम्बर व अक्टूबर माह जहाँ हमारे लिए उपलब्धियों, सफलताओं और प्रतिष्ठा से परिपूर्ण रहे हैं वहीं हमें अत्याधिक व्यस्तता और चुनौतियों से भी जूझना पड़ा है। फिर भी हमारे लिए हर्ष व संतोष की बात है कि हमें सम्माननीय **केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह जी, दिल्ली के माननीय उपराज्यपाल श्री अनिल बैजल जी, माननीय केंद्रीय गृहराज्य मंत्री श्री जी.किशन रेड्डी जी, माननीय केंद्रीय गृह राज्यमंत्री श्री नित्यानंद राय जी, केंद्रीय गृह सचिव श्री अजय भल्ला, दिल्ली के मुख्य सचिव श्री विजय देव, अतिरिक्त सचिव (यूटी) श्री गोविन्द मोहन तथा संयुक्त सचिव श्रीमती पुण्य सलिला श्रीवास्तव** के साथ–साथ अपने भूतपर्वू पुलिस आयुक्तों, दिल्ली के सांसदों एव विभिन्न क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों का सानिध्य प्राप्त हुआ है।

31 अक्टूबर, 2019 का दिन तो दिल्ली पुलिस के इतिहास में एक नए अध्याय के रूप में जुड़ गया है क्योंकि इस दिन देश के पहले उप–प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री लौहपुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 144वीं जयंती के मौके पर दिल्ली पुलिस के स्थाई व नए पुलिस मुख्यालय के भवन का उद्घाटन वर्तमान **केंद्रीय गृहमंत्री माननीय श्री अमित शाह** के कर–कमलों द्वारा सम्मन्न हुआ और हम उनके आर्शीवचनों से प्रेरित हुए। 6 सितम्बर, 2019 को **माननीय केन्द्रीय गृहराज्य मंत्री श्री जी.किशन रेड्डी** ने तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम **''रक्षक सम्मान–2019''** में दिल्ली पुलिस के 39 जांबाज पुलिसकर्मियों को अपने हाथों से सम्मानित किया। इन सभी पुलिसकर्मियों ने अपनी रोजमर्रा की ड्यूटी से हटकर अपनी जान पर खेल कर मुसीबत में फंसे लोगों की जीवनरक्षा की। श्री रेड्डी ने दिल्ली पुलिस की प्रशंसा करते हुए कहा कि आम जनता अपनी व्यस्तताओं के चलते पुलिस की कार्यशैली में आने वाली कठिनाईयों और उनके द्वारा किये गये परिश्रम को नहीं समझ पाती। इसीलिए उनकी सोच में पुलिस के प्रति जो सकारात्मक सोच और सम्मानजनक भावना आनी चाहिए वह नहीं आ पाती। इसीलिए नागरिकों से यह भी अपेक्षा है कि पुलिस की वेदना को समझे और उनका सम्मान करें।

इसी तरह 18 सितम्बर, 2019 को दिल्ली पुलिस की नई मोबाइल एप्लिकेशन **''तत्पर''** का उद्घाटन माननीय उपराज्यपाल श्री अनिल बैजल ने किया। इस नई मोबाइल एप्लिकेशन **''तत्पर''** में दिल्ली पुलिस की लगभग 50 अन्य ऑनलाइन सेवाओं को समाहित किया गया है। दिल्ली के नागरिकों को एक ही प्लेटफार्म पर उपलब्ध ये सेवाएँ मात्र एक टच पर उपलब्ध होंगी। इसके अलावा 25 सितम्बर को **माननीय केंद्रीय गृह राज्यमंत्री श्री जी.किशन रेड्डी** ने Emergency Response Support System-112 and PRAKHAR (Street Crime Patrol Van) का उद्घाटन किया। यानि भविष्य में पुलिस, फायर एवं एम्बुलेंस जैसी आपात्त सेवाएँ एक ही नम्बर 112 पर अविलंब उपलब्ध होंगी। हालांकि अभी 100 नम्बर भी प्रचलन में रहेगा और ज्यों–ज्यों 112 नं0 जनता में प्रचलित होता जाएगा त्यों–त्यों 100 नं0 चलन से हटता चला जाएगा। इसके साथ ही ''स्ट्रीट क्राइम पेट्रोल वैन ''प्रखर'' 15 ऐसे चुनिंदा इलाकों पर तैनात होंगी जहाँ अपराध घटित होने की संभावना ज्यादा रहती है। ऐसे सकारात्मक कदम नागरिकों की सुविधा में मील का पत्थर साबित होंगे और जनता पुलिस को अपने और अधिक निकट पाएगी। इसके साथ ही 10 अक्टूबर, 2019 को माननीय केंद्रीय गृहमंत्री श्री नित्यानंद राय द्वारा GRP website "www.railways.delhipolice.gov.in' and Mobile App 'Sahyatri-Delhi Railway Police का उद्घाटन किया। इसके साथ ही 29 अक्टूबर, 2019 को पुलिस मुख्यालय प्रांगण से हरी झंडी दिखाकर रवाना की गई 15 नई और प्रखर वैन्स के इलाके में तैनात होने से पुलिस की जनता के बीच अधिक उपस्थिति दिखाई देगी और स्ट्रीट क्राइम एवं झपटमारी की वारदातों पर अंकुश लगाने में भी मदद मिलेगी।

साथियों, दिल्ली पुलिस एक ऐसा पुलिस बल है जिसे चौबीस घंटे निरंतर सजग एवं चौकन्ना रहना होता है और अपनी उसी निरंतरता तथा सजगता के दम पर सफलताएँ अर्जित करते हुए अपनी विशिष्ठता और श्रेष्ठता सिद्ध करनी होती है। हमें दिल्ली पुलिस की इसी श्रेष्ठता, लोकप्रियता और कर्तव्यपरायणता की छवि को बनाए रखने के लिए ईमानदारी के साथ अपना शतप्रतिशत योगदान बनाए रखना होगा। यह हमारी कुशल व पेशेवर निपुणता का ही परिणाम है कि पिछले दिनों दिल्ली में सम्पन्न हुए मुहर्रम, गणेश चतुर्थी, नवरात्र, दुर्गा पूजा, रामलीला, दशहरा, दिवाली जैसे धार्मिक पर्व शांतिपूर्व सम्पन्न हुए। सम्पूर्ण दिल्ली में हर वर्ष कुछ प्रमुख रामलीलाओं के साथ–साथ हजारों की संख्या में आयोजित होने वाली अन्य रामलीलाओं के मंचन के दौरान कानून–व्यवस्था बनाए रखना निःसंदेह चुनौतीपूर्ण होता है। परन्तु आप सब अपनी रोजमर्रा की ड्यूट्यिों से हटकर इन अतिरिक्त सुरक्षा प्रबंधों के लिए जो परिश्रम करते है, वह वास्तव में बहुत सराहनीय है।

कई अवसरों पर आपके द्वारा किये गये साहसिक एवं अनुकरणीय कार्यों से मैं स्वयं को काफी गौरवान्वित महसूस करता हूँ कि मैं दिल्ली पुलिस जैसे श्रेष्ठ पुलिस बल का नेतृत्व कर रहा हूँ। पिछले दिनों दिल्ली पुलिस में कई ऐसे रचनात्मक कार्यो का शुभारंभ हुआ है जो सीधे–सीधे नागरिकों को अधिकाधिक सुविधा प्रदान करने से संबंधित है। इससे हम जनता के ओर निकट पहुंचे हैं और उनका विश्वास पाने में भी वृद्धि हुई है। अंत में केवल यही कहना चाहूंगा पिछले दिनों जनहित में हमने जो योजनाएँ शुरू की है या फिर हमारे जितने भी Online digital initiatives हो, उन्हें प्रभावशाली ढंग से क्रियान्वित करने में अपना शतप्रतिशत योगदान दें।

दिल्ली पुलिस के गौरव का प्रतीक
नव निर्मित पुलिस मुख्यालय



सम्पादक : श्री राजीव रंजन, उपायुक्त पुलिस (पुलिस आयुक्त के स्टाफ ऑफिसर)
सह-सम्पादक : निरीक्षक सतबीर सिंह, पुलिस मुख्यालय, नई दिल्ली।



सम्पादक



सह-सम्पादक